हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 27 अगस्त 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 स्कूल में दान किए थाली और अन्य सामान, जताया आभार





13 रुआबांधा सेक्टर में डोम शेड का किया लोकार्पण









## खबर संक्षेप

### पार्षद के साले पर हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** पार्षद के साले पर प्राण घातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। मोहन नगर पुलिस ने बताया जागृति चौक में सोमवार देर शाम पार्षद अजीत वैद्य के साले आशीष गेडाम पर एक युवक ने हमला कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रांजल देवांगन को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। आशीष का उपचार अस्पताल में जारी है। घायल को चाकू से आरोपी ने ताबडतोड़ वार किया था।

### गांजा तस्कर महिला को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में धमधा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 3.2 किलो ग्राम गांजा 9 हजार रुपए का जब्त किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर ग्राम देवरी धमधा निवासी सुकरीता बाई अपने घर में गांजा को रखकर बेचने की फिराक में थी। दबिश देने पर सुकरीता बाई के घर से गांजा जब्त किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि तस्करी करने वाले कार को ग्राम सिरनाभाठा नर्सरी के पास सफेद रंग का कार सीजी 07 सीजेड 8111 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर 1 किलो 160 ग्राम गांजा अलग से जब्त किया। जिसकी कीमत 5 हजार रुपए है। सुकरीता बाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

### म्यूल खाते में रकम आया महिला के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई।** म्यूल खाते में अवैध ऑनलाइन ठगी के रकम ट्रांसफर होने के मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ कार्रवाई किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिलने पर म्यूल एकाउंट के नंबर के बारे में जानकारी मिली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा कुम्हारी खाता धारक वार्ड 18 डीएमसी तालाब के पास रहने वाली निशा बेहरा के द्वारा अपने नाम का व्यकिगत पहचान दस्तावेज, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि देकर खाता खुलवाया। अपने खाते में ऑन लाईन ठगी की रकम 4 लाख 50 हजार रुपए आया। निशा बेहरा द्वारा ठगी की रकम मिलने पर कार्रवाई की गई।

**अव्यवस्था : सरकारी स्कूलों में दो महीने के बाद भी पुस्तकें नहीं मिली तो पढ़ाएंगे क्या?**

# निजी स्कूलों में तिमाही परीक्षा पूरी, सरकारी में गणित पर्यावरण, इंग्लिश व सोशल साइंस की पढ़ाई तक शुरू नहीं

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

अलग खबर

स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस शैक्षणिक सत्र से लागू है लेकिन सरकारी स्कूल अपने ढर्रे पर चल रहा है। निजी स्कूलों में तिमाही परीक्षा खत्म हो गई है। यानी शैक्षणिक सत्र की 35 प्रतिशत कोर्स की पढ़ाई निजी स्कूलों ने करवा ली है। वहीं इस बार सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक कैलेंडर ध्वस्त हो चुका है।

| फैक्ट फाइल | दुर्ग जिला |
|---|---|
| संकुल | -177 |
| विद्यार्थी | -103245 |
| किताबों की डिमांड | -598406 |

शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से पहली से लेकर बारहवीं तक तिमाही परीक्षा सितंबर महीने में हो जाना चाहिए लेकिन हाल यह है कि ज्यादातर स्कूलों में कई विषयों की पढ़ाई तक शिक्षक शुरू नहीं कर पाए हैं। इसकी वजह है कि अब तक स्कूलों में पूरी किताबें नहीं पहुंच पाई है। बिना किताब के शिक्षक पढ़ाई ही शुरू नहीं करवा पाए हैं। पुरानी किताबों से पढ़ाई हो नहीं सकती क्योंकि इस बार किताबें ही एनसीईआरटी की चलाई जा रही है। हरिभूमि की पड़ताल में यह सामने आई है।



### विभागीय लापरवाही का ऐसा भी नमूना

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा दुर्ग सहित प्रदेशभर के जिलों के संकुलों में किताबें पहुंचाई जा रही है। लेकिन दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के पास कितने स्कूलों में किताबें पहुंची है और कितने में नहीं इसका रिकार्ड ही नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने पुस्तक वितरण के नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला को बनाया है लेकिन उनके पास भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होते। जबकि राज्य ने ऐसा पोर्टल बनाया है कि संकुलों में पुस्तकों का वितरण व स्कैनिंग का ब्योरा ऑनलाइन रोजाना अपडेट करने की सुविधा दी है। इसका लागिंग नोडल अधिकारियों व बीईओ के पास है। बावजूद इसके सरकारी ढर्रे पर कामकाज करने के आदी अफसर विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति लापरवाही दिखा रहे हैं।

### इन उदाहरणों से समझिए सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति

**केस 1**

मचांदुर संकुल के अंतर्गत मिडिल स्कूल में आठवीं की सोशल साइंस पार्ट एक की किताबें नहीं मिली है। यहां सातवीं की अंग्रेजी और सोशल साइंस पार्ट-2 की किताबें स्कूल में नहीं आई है। इसी के पास लगे हुए एक स्कूल में छठवीं का अंग्रेजी और सातवीं का गणित की किताबें नहीं मिली है।

**केस 2**

संकुल केंद्र जामुल में सेकंड लाट की किताबें ही नहीं आई है। यानी इस संकुल के अंतर्गत 30 प्रतिशत किताबें विद्यार्थियों के पास नहीं पहुंची है। विनायकपुर संकुल के अंडा प्राइमरी और मिडिल स्कूल में सेकंड लॉट की किताबें नहीं पहुंची है। संकुल निकुम के प्राइमरी व मिडिल स्कूल में किताबें नहीं आई है।

**केस 3**

संकुल अंजोरा ख के स्वामी आत्मानंद स्कूल, संकुल रिसाली के स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक की पूरी किताबें नहीं आई है। हिन्दी विषय की कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक की किताबों की कमी मिली। संकुल केंद्र जामुल में सेकंड लॉट की किताबें नहीं पहुंची। हायर सेकंडरी सेलूद संकुल में भी किताबों की कमी है।

**केस 4**

शक्तिनगर स्कूल में गणित, हिन्दी की किताबें नहीं शक्तिनगर इंग्लिश मीडियम स्कूल दुर्ग में कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को दो ही इंग्लिश व साइंस की पुस्तकें मिली है। शेष सोशल सांइस, हिन्दी, गणित और संस्कृत की पुस्तक नहीं मिली है। यहां कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को सोशल साइंस की किताबें नहीं मिली है। ऐसी स्थिति में इन विषयों की पढ़ाई ही शिक्षकों ने शुरू नहीं करवाया है और तिमाही परीक्षा होनी है।

### पुस्तक वितरण में यह भी बाधा

#### स्कैनिंग में आ रही है दिक्कतें

राज्य से आ रही किताबों में क्यूआर कोड छपा हुआ है। क्यूआर कोड पर एंड्रायड मोबाइल से शिक्षकों को स्कैनिंग करना है। उसके बाद ही विद्यार्थी को पुस्तक वितरण होना है। शिक्षक बताते हैं कि सैकड़ों किताबों की स्कैनिंग ही नहीं हो पा रही है। इसलिए उनका वितरण नहीं कर पाते और किताब आई है लेकिन उसका उपयोग पढ़ाई के लिए नहीं कर पाते।

#### दर्ज संख्या के हिसाब से कमी

राज्य से पुस्तकें आ रही है वे यू-डाईस में उल्लेखित दर्ज संख्या के हिसाब से भेजी जा रही है। शिक्षक बताते हैं कि यू डाईस में पिछले साल का डाटा फीड है। इस साल का डाटा अपडेट नहीं हुआ है। एक कक्षा में यदि 10 से 15 विद्यार्थी बढ़े हैं तो उनके लिए पुस्तकें ही नहीं है। इसलिए भी ऐसे सैकड़ों विद्यार्थियों को दिक्कतें आ रही हैं।

#### नोडल से दिलवाता हूं



पुस्तक वितरण की जानकारी मैं नोडल से दिलवाता हूं। उनके पास ही पूरा ब्योरा मिल पाएगा कि कितने विद्यार्थियों व स्कूलों को पुस्तकें मिली है और कमी है।

-अरविंद कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी

#### तिमाही परीक्षा पूरी



सभी निजी स्कूलों में प्री टर्म एग्जाम यानी तिमाही परीक्षा लगभग पूरी हो गई है। 35 से 40 प्रतिशत कोर्स निजी स्कूलों ने पूरे करवा लिए हैं।

-आरपी पांडेय, पूर्व समन्वयक, सीबीएसई स्कूल

### निजी व सरकारी स्कूलों में अब तक के कोर्स की स्थिति

ट्विनसिटी सहित दुर्ग जिले में 560 सीबीएसई व सीजी संबद्ध निजी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से 31 अप्रैल तक चला। उसके बाद 15 जून से अब तक चल रहा है। निजी स्कूलों में 35 प्रतिशत कोर्स पूरे करने के बाद तिमाही परीक्षा यानी प्री टर्म एक्जाम चल रहा है। सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ हुआ है। शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से अगस्त में 35 प्रतिशत कोर्स पूरा हो जाना चाहिए था। जिससे तिमाही परीक्षा सितंबर में ली जा सके।

## सशक्त एप ने पहुंचाया बाइक चोरी के आरोपी तक, 19 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ मोहन नगर सुपेला, पुलगांव में हुई थी चोरी

सशक्त एप ने पुलिस को पहुंचाया बाइक चोरी के आरोपियों तक मामले पुलिस ने एक अपचारी बालक और दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 19 वाहनों में 10 एक्टिवा, 9 बाइक जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 15 लाख रुपए आंकी गई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायत लगातार मिल रही थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। सशक्त एप लावारिस वाहन, चोरी की गई वाहनों को सर्च किया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अपतारी और दो युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपियों ने बताया कि ग्रीन चौक के पास से कई वाहनों को चोरी किया। 4 माह में शहर से 19 वाहनों को पार करना स्वीकार किया। वाहनों को अपने शौक के लिए परिचितों को बेचना बताया है। पुलिस ने खरीददार द्वारा यह जानते हुए कि चोरी की वाहन को खरीद लिया। 14 खरीददारों के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई किया है। कार्रवाई में कोतवाली टीआई तपेश्वर नेताम समेत सउनि. चंद्रशेखर सोनी, प्रधान आर. मनीष अग्निहोत्री समेत अन्य की भूमिका अह्म थी।

### सरकारी स्कूल में अज्ञात ने की चोरी

**भिलाई।** स्कूल में अज्ञात ने चोरी कर सारे सामान पर हाथ साफ कर दिया है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि तिवारी कालोनी डुमर तालाब रायपुर निवासी प्रहलाद कुमार वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम लिमतरा मे व्याख्याता के पद पर है। 23 अगस्त की दोपहर अवकाश होने के बाद विद्यालय के सफाई कर्मी सभी क्लास रूम, बाहर गेट मे ताला लगाकर बंद किया था। प्राचार्य कुंती जोगी को कॉल आया कि स्कुल से 60 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया है। कमरे का आलमारी तोड़कर लैपटॉप, चार्जर सहित लैपटॉप बैग गायब मिला।

## सड़क में अवैध रूप से लाइटिंग ट्रस्ट सेटअप संचालक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गणेशोत्सव समिति दुर्ग के द्वारा जेल तिराहा से सुराना कॉलेज चौक तक रैली निकाली गई। इस दौरान एल्युमिनियम राडो से लाईट ट्रस्ट सेट लगाकर गणेश प्रतिमा का स्वागत मंच बनाया गया था। जिससे आने जाने वाले आम लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोड में आम जगह पर लाईट ट्रस्ट सेट लगने से आने जाने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। सूचना पर सीएसपी दुर्ग दुर्ग आईपीएस हर्षित मेहर के द्वारा मौके पर पहुंचकर थाना प्रभारी पद्मनाभपुर को लाईट ट्रस्ट सेट के संचालक संचालक व समिति के सदस्य के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। पद्मनाभपुर पुलिस ने लाईट ट्रस्ट सेट के संचालक प्रगति नगर रिसाली निवासी मुस्कान मित्तल व काल रात्रि गणेशोत्सव समिति

■ सामान भी पुलिस ने किया जब्त

केलाबाड़ी दुर्ग के सदस्य न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी आफताब कुरैशी पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा मुड़ीपार पोस्ट डाकनी थाना गंगा झरी, जिला गोंदिया महाराष्ट्र निवासी डीजे संचालक पवन राहंगडाले पर भी कार्रवाई कर डीजे वाहन को जप्त किया।

## मुंशी हत्याकांड : अपचारी बालक समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टंगिया मारकर मुंशी की हत्या करने वाले अपचारी बालक समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि किशन लाल साहू ईंट भट्ठा चंगोरी का गिरकर सिर में चोट लगने से उपचार दौरान मौत होने की जानकारी मिली।

पुलिस जांच में जुट गई। 24 अगस्त की रात घटना स्थल शिवलाल चकधारी का ईंट भट्ठा लेबर क्वार्टर आफिस के पीछे ग्राम चंगोरी जिला दुर्ग में अज्ञात की लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किशन लाल साहू को हाथ मुक्का, धारदार हथियार से सिर, शरीर में कई जगह हमला कर चोट पहुंचाई गई। उपचार के दौरान शासकीय अस्पताल दुर्ग में दम तोड़ दिया। मौके से मिले सुराग के तहत घटना में हत्या करने की बात सामने आई। पुलिस ने जांच करना शुरु

**अंजोरा पुलिस चौकी की घटना**



किया, काशीराम चौहान, धनसाय साहू और एक अपचारी बालक को पकड़कर पुलिस पूछताछ करना शुरु किया। आरोपीगण द्वारा मृतक से रंजिश होने पर हाथ मुक्के से मारपीट कर टंगिया से सिर पर हमला किया। आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पकड़े गए तीनों आरोपियों को अलग-अलग बयान लेने के बाद सुराग पुलिस के हाथ लगा। हत्या को आरोपी हादसा साबित करने में लगे रहे। ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी का काम करता था। जो एक ही क्वार्टर में रहकर एक साथ खाते पीते थे। जिसे देखकर भट्ठा के मुंशी मृतक किशन लाल साहू पूर्व में इन लोगों के रोज खाने पीने को लेकर लड़ाई झगड़ा गाली गुफ्तार किया जाना बताया गया। आरोपी काशीराम को जब पुलिस ने पूछताछ करने पर बताया कि शराब की बाटल घटना में प्रयुक्त टंगिया को भट्ठे के पास खेत के मेढ़ किनारे में फेंकना स्वीकार किया। मुंशी किशन लाल साहू को मारते समय इनके टी-शर्ट में खून लग जाने से उसे क्वार्टर में छुपाकर दूसरा शर्ट पहन बाहर निकले थे। आरोपी के निशादेही पर वस्तुओं को जप्त किया। आरोपी धनसाय साहू से घटना के समय पहने हाफ पैंठ, अंडरवियर जिसमें मृतक का खून लगा को जप्त किया गया है। इस दौरान कोतवाली दुर्ग टीआई तपेश्वर नेताम, ट्रेनी आईपीएस मौजूद थे।

### हादसा साबित करने में जुटे थे आरोपी

तीनों शिवलाल ईंट भट्ठा चंगोरी अपने क्वार्टर के बाहर बरामदे में बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय मुंशी मृतक किशन लाल साहू द्वारा पुराने रंजिश को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर तीनों अपचारी बालक, काशीराम चौहान अपने पास रखे टंगिया से किशन पर वार कर दिया। इसमें आरोपी धनसाय भी शामिल था। मृतक किशन लाल साहू को हाथ मुक्के से मारपीट कर उसे पकड़े थे। आरोपी काशीराम वहीं रूम के पास रखे टंगिया से मुंशी किशन लाल साहू के सिर पर जोरदार वार कर दिया। मुंशी वहीं गिर पड़ा और खून से सने होने से तीनों आरोपी फरार हो गए। हत्या को आरोपियों द्वारा हादसा साबित होने के प्रयास में जुटे रहे।

**बड़े शहरों की तरह अब दुर्ग में भी हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं**

# कलेक्टर ने जारी किया आदेश, नहीं मानने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

देश के बड़े शहरों की तर्ज पर सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के लिए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के पत्र पर संज्ञान लेते हुए दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों के लिए आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत अब किसी भी पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। साथ ही साथ पेट्रोल पंप संचालकों को इससे जुड़ा बोर्ड भी लगाना होगा। दुर्ग कलेक्टरों ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को हेलमेट नियम का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। आदेश में साफ लिखा गया है कि धार्मिक आस्था से जुड़ी पगड़ी और मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर यदि कोई बिना हेलमेंट के दो पहिया वाहन लेकर पेट्रोल पंप पहुंचता है और पेट्रोल की मांग करता है तो उसे पेट्रोल नहीं दिया जाना है। यदि कोई भी पंप संचालक इस नियम का उल्लंघन करता है तो उसे खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी। 25 अगस्त को जारी दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट को अनिवार्य से जुड़ा यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

**पेट्रोल पंपों में हेलमेट धारकों की संख्या दिख रही कम**

### दुर्ग एसएसपी ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उसमें होने वाली मौतों के विश्लेषण करने पर एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली अधिकतर मौतों की बजह हेलमेंट ना पहने के चलते हुई हैं। इसे देखते हुए उन्होंने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को पत्र लिखा था, जिसके बाद कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया।





### सीट बेल्ट को लेकर जारी रहेगी निगरानी

एडिशनल एसपी सिटी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस हेलमेट और सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चलाने के लिए समय समय पर लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही साथ ऐसा ना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं का आदेश काफी अच्छा है। इससे लोग हेलमेट का उपयोग करेंगे। साथ ही कार चालकों के लिए सीट बेल्ट पहनने को लेकर उनकी टीम लगातार मॉनीटरिंग करेगी।




# बिहार में वोट काटना बंद करे सरकार, पारदर्शी हो चुनाव आयोग

## केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ वामपंथी पार्टियों ने सेल परिवार चौक पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई के संयुक्त वामपंथी पार्टियों सीपीआई, सीपीआईएम, सीपीआई(एमएल लिबरेशन) तथा सीटू, एटक, एक्टू द्वारा स्पेशल इंटेसिव रिवीजन,130 वां संविधान संशोधन विधेयक, अमेरिका द्वारा भारत पर 25% पल्स 25% टैरिफ लगाए जाने के विरोध में सेल परिवार चौक सिविक सेंटर) में मंगलवार को प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया गया गई। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मांग किया कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बिहार में वोट काटना बंद करो, विपक्षी राजनैतिक पार्टियों को खत्म करने की साजिश के तहत संसद में पेश किया गया 130 वां संविधान संशोधन विधेयक वापस लो, अमेरिका द्वारा भारत पर थोपे गए टैरिफ पर केंद्र सरकार जवाब दो।

सभा में वामपंथी नेताओं ने कहा कि वोटों की चोरी पकड़ी जाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त के बयान से चुनाव आयोग मजाक बन गया है। चुनाव आयुक्त ने मकान के पत्ते पर जीरो जीरो लिखे जाने के संदर्भ में कहा कि जिनके घर नहीं होते उनके मकान के पते पर जीरो जीरो लिखा गया है तो क्या देश के अंदर जो करोड़ आधार कार्ड बने हैं उनमें भी जिनके मकान नहीं है उनके पते पर जीरो जीरो अंकित है केंद्र सरकार और चुनाव आयुक्त स्पष्ट करें।




### विपक्ष को खत्म करने की साजिश

वाम नेताओं ने कहा कि मानसून के अंतिम सत्र में संसद में अंदर पेश किया गया 130 वां संविधान संशोधन विधेयक विपक्ष को खत्म करने के साथ-साथ तथा सत्ता के अंदर बैठे हुए वें लोग जो सवाल करते हैं या मोदी सरकार के कार्यकलापों पर आपत्ति जाहिर करते हैं उनको भी नियंत्रण करने के लिए लाया गया है। यह बात मोदी सरकार को भी पता है कि दो तिहाई बहुमत से ही यह संविधान संशोधन विधेयक पारित हो सकता है और उनके पास दो तिहाई बहुमत नहीं है। इसके बावजूद पूरे देश मे वोट चोरी के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकने के लिए एवं ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को उलझाने के लिए इस विधेयक को लाया गया है। किंतु विपक्षी दलों ने अब धीरे-धीरे इस संविधान संशोधन विधेयक पर बनने वाली ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी से अपने आप को अलग करना शुरू कर दिया है। इसके चलते यह दांव सरकार के लिए उल्टा पड़ रहा है।टैरिफ के मुद्दे पर मोदी सरकार अमेरिका को क्यों जवाब नहीं दे रहा हैं, अमेरिका ने भारत के ऊपर 25% टैरिफ लगाकर उस पर और 25% का जुर्माना लगा दिया है इस सब के बीच मोदी सरकार आखिर किस मजबूरी से साध ली है।

---

## खबर संक्षेप



### सभी समितियों से कहा नियमों का पालन करने

**कुम्हारी।** नगरपालिका परिषद में गणेश उत्सव समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। सभी समितियों को शासन के परिपत्र/निर्देशों की आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, इसमें विशेष रूप से उत्सव, पंडालों की सजावट,रजत जयंती की थीम पर, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही सभी समिति सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव के अवसर पर नगर में आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बैठक में नगर पालिका के अधिकारीगण, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, गणेश उत्सव समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

### आत्मानंद चौक से खोरपा तक अधूरा कार्य, प्रकाश व्यवस्था से वंचित

# अधूरी बिजली लाइन से जनता परेशान अब तक नहीं लग पाए रास्ते पर पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन नगर के आत्मानंद चौक से खोरपा तक के मार्ग पर वर्षों पूर्व शुरू किया गया विद्युतीकरण का कार्य आज भी अधूरा पड़ा है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी असंतोष व्याप्त है। यह कार्य तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य पूरे मार्ग को रोशन कर नागरिकों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करना था। यहां 72 खंभें लगाना है लेकिन अब तक 60 खंभें ही लगाए गए है।

पीडब्ल्यूडी द्वारा गंभीर लापरवाही सामने आती रही है। बीच-बीच में खंभों को छोड़ दिया गया है, जिससे बिजली लाइन पूरी तरह से नहीं बिछ पाई है। परिणामस्वरूप न तो संपूर्ण प्रकाश व्यवस्था स्थापित हो पाई है और न ही लोगों को इस योजना का वास्तविक लाभ मिल रहा है।



#### बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर

वर्तमान में जारी मानसून ने स्थिति को और खराब बना दिया है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ जमा है और लाइटें न होने के कारण लोग अंधेरे में फिसल रहे हैं। बिजली खंभों की अनुपस्थिति के कारण पूरा इलाका असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों को शाम ढलते ही बाहर निकलना कठिन हो जाता है। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह लापरवाही सिर्फ तकनीकी भूल नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी प्रशासनिक अनदेखी और ठेकेदारों की निष्क्रियता है। बिना जांच और उचित निगरानी के अधूरा कार्य छोड़ दिया गया, जिससे सरकारी राशि भी व्यर्थ गई और जनता भी लाभ से वंचित रह गई।

#### प्रशासन से की गई मांग

पाटन की जनता ने एक स्वर में शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस अधूरे कार्य को अविलंब पूरा कराया जाए। साथ ही, जिन अधिकारियों व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी, उनकी जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। पाटन के सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी संघ, छात्र संगठन व जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो उन्हें जनआंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। एक ओर जहां देशभर में स्मार्ट सिटी और डिजिटल इंडिया की बातें हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर पाटन जैसे कस्बे में बिजली खंभों की व्यवस्था तक अधूरी रह जाना शासन की प्राथमिकता पर सवाल खड़े करता है। अब जनता बस एक ही सवाल कर रही है कि आखिर उन्हें अंधेरे से मुक्ति कब मिलेगा।

#### रात्रिकालीन आवाजाही बनी चुनौती

यह मार्ग नगर के मुख्य आवागमन मार्गों में गिना जाता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूल-कॉलेज के छात्र, मजदूर, व्यवसायी, बुजुर्ग और महिलाएं आवाजाही करते हैं। अंधेरे और कीचड़ से भरे इस मार्ग पर रात्रिकालीन आवाजाही जोखिम भरी हो चुकी है। आए दिन दोपहिया वाहन फिसलने, गड्ढों में गिरने जैसी घटनाएं होती रहती है।

#### होगी कार्रवाई

“ नई पदस्थापना की वजह से पूरी जानकारी अभी नही है। इंजीनियर से बात करती हूं। अगर ऐसी बात है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**सोनल ढलेंद्र,** पीडब्ल्यूडी अधिकारी पाटन

---

मामला ग्राम पंचायत तरीघाट का

## मजदूरी की नहीं और दर्ज हो गया मस्टर रोल में नाम, की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

ग्राम पंचायत तरीघाट के एक युवक भास्कर सिंह चेलक ने रोजगार सहायक पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने परिजनों को मनरेगा में लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मजदूरी किए ही नहीं है और उसका मास्टर रोल में नाम दिखा रहा है। अब भास्कर सिंह चेलक ने एसडीएम पाटन से इसकी शिकायत कर जांच की मांग की है।

भास्कर सिंह चेलक ने सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी का उल्लेख करते हुए बताया सबसे पहले तो जानकारी देने में भी हीला हवाला किया जा रहा था। इसके बाद जनपद में आवेदन दिया गया। तब जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि रोजगार सहायक द्वारा अपने परिजनों को लाभ पहुंचे का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कार्य होने और मास्टर रोल जनरेट किया गया है। उस स्थान पर कुछ लोग काम नहीं किया है। इसकी भी हाजिरी लगाई गई है। इसी की जांच की मांग कर रहे है। इस विषय पर जनपद पंचायत पाटन के सी ई ओ गजेंद्र साहू ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी।

■ सूचना का अधिकार इस्तेमाल कर निकाली जानकारी

---

## निकुम में बह रही रामनाम की धारा

**निकुम।** समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में श्री सिद्ध पीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण निकुम में एक दिवसीय राम नाम संकीर्तन मंगलवार की दोपहर शुरू हुआ। हरितालिका पर्व पर पुरोहित भावेश पांडे ने पूजा अर्चना कर हरिनाम संकीर्तन शुरू किया। जिसमें सभी सामूहिक हरिनाम संकीर्तन कर रहे, जिसमें सरपंच भागवत पटेल ने बताया कि गांव में सुख, समृद्धि शांति व सभी की खुशहाली की कामना कर आयोजन करते है।



## गणेशोत्सव आज से, पंडालों के साथ घर-घर विराजेंगे गणपति



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

गणेश उत्सव की तैयारियां पिछले कई दिनों से जोरों पर हैं। 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेश चतुर्थी के लिए झांकी पंडाल तैयार हो गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अंडा निवासी ताम्रध्वज निषाद ने बताया कि यहां 3 फीट से लेकर 8 फीट तक प्रतिमाएं मौजूद हैं। 8 सालों से मूर्ति बनाकर परिवार चला रहे हैं, आज मूर्तिकार अंतिम रूप दे रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि मूर्तियां गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। 10 दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी के लिए मूर्ति बाजार पूरी तरह सज गए है। गणेश एक रूप अनेक थीम पर सजे इन बाजारों में गणपति बप्पा कई रूप में दिखा रहे है। ये ही नहीं उनके लिए खास आसन भी बनाए गए है। ये ही नहीं घर घर में उनके स्थापना के लिए बनाई गई मंच घर घर में विराजेंगे गणपति बप्पा की मूर्ति।

## छग प्रगतिशील लेखक संघ की बैठक, स्थापना दिवस और रचनाकार शिविर पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस, राज्य सम्मेलन सहित विभिन्न साहित्यिक आयोजनों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ राज्य कार्यकारिणी की बैठक छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ रायपुर जिला इकाई के सहयोग से हुई। बैठक में प्रांतीय महासचिव सहित भिलाई दुर्ग प्रलेसं के पदाधिकारी भी शामिल हुए। अध्यक्षता छग प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा ने की। छग प्रलेसं के अध्यक्ष मंडल के वरिष्ठ सदस्य लोकबाबू,वेदप्रकाश अग्रवाल,डॉ.जीवन यदु, डॉ.अरुण कांत शुक्ल,प्रांतीय सचिव विश्वासी इक्का मौजूद थे। छग प्रलेसं के प्रांतीय महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने बताया कि बैठक में हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की रपट,रचना शिविर,आगामी राज्य अधिवेशन आदि सभी विषयों पर विचार विमर्श हुआ। विभिन्न इकाइयों में रचनाकार शिविर व किताबों पर चर्चा गोष्टी आयोजन के साथ सांगठनिक सक्रियता विचार प्रस्तुत किए। प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा ने प्रगतिशील लेखक संघ की 90 वीं वर्षगांठ पर देश भर सभी प्रांत में इस वर्ष आयोजकीय सेलिब्रेशन मनाने की सूचना दी। महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की रपट व जिला इकाइयों के अध्यक्ष/सचिव ने अपनी गतिविधियों की रपट प्रस्तुत की। बैठक में डॉ.आलोक वर्मा,संजय शाम, नंद कुमार कंसारी, हबीब खान,रफीक खान,डॉ सत्य भामा अवस्थी, जय प्रकाश,थान सिंह वर्मा, राजेश कुमार मिश्रा, डॉ.विश्वासी इक्का, डॉ.कोमल सिंह शार्वा, जीवेश, प्रभात तिवारी, नरेश अग्रवाल, राजेश श्रीवास्तव, मांझी अनंत, पथिक तारक, विमल शंकर झा, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ.राकेश तिवारी, शिव सिंह भदौरिया, श्याम बिहारी बनाफर, पोषक लाल वर्मा, संकल्प पहाटीया, डॉ.स्वामी राम बंजारे आदि सदस्य उपस्थित थे। संचालन महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने किया, जिला रायपुर इकाई के सचिव नंद कुमार कंसारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ सांगठनिक सक्रियता और राज्य सम्मेलन पर हुआ मंथन

## स्कूल में दान किए थाली और अन्य सामान, जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 के जनपद सदस्य प्रीतम यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमाकला में बच्चों को मध्यान भोजन के लिए 70 नग थाली का वितरण किया। बोरी कॉलेज के सांसद प्रतिनिधि ज्ञान यादव ने दीवाल घड़ी तथा हिर्री संकुल के सीएसी दिनेश साहू ने 7 नग एल ई डी ट्यूब लाइट दान में दिया। समस्त दानवीरों को सरपंच देहुती प्रकाश कश्यप, अध्यक्ष संजय कश्यप, प्रकाश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि पवन निर्मलकर, सांसद प्रतिनिधि देव लाल ठाकुर, गज्जू सिंह कश्यप, भागवत सिंह, दुखित निर्मलकर, उपसरपंच धर्मेंद्र निषाद, प्राचार्य बाबू दास देश लहरे, प्रधान पाठक निधि शाह, योगेश कश्यप, राकेश हरमुख, वंदना बैस घनश्याम नेताम, महेश कश्यप, स्नेहा शर्मा, इंदु वर्मा, केसरबाई, सेवती बाई, सुरेखा, तीजन, आदि ग्राम वासियों ने धन्यवाद दिया।

## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




### वार्डवासियों ने जताया विधायक चंद्राकर का आभार

# रुआबांधा सेक्टर में डोम शेड का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की पहल पर रूआबांधा सेक्टर वार्ड क्रमांक 6 गणेश ग्राउंड में डोम शेड निर्माण कराया गया। जिसका लोकार्पण विधिवत पूजा-अर्चना जनता को समर्पित किया गया, जिसकी लागत राशि 14.62लाख रुपए की है। इस डोम शेड के लिए वार्ड वासियों ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार जताया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर क्षेत्रवासियों को तीजा पोरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताए कि डोम शेड निर्माण का मांग बरसो से था



आज पूरा करते हुए मुझे खुशी हो रहा है अब इस शेड का उपयोग विभिन्न कार्यक्रमों में किया जाएगा। आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उनकी सरकार हमेशा प्रयासरत है और इस डोम शेड के निर्माण से वार्ड वासियों को एक अच्छा आयोजन स्थल मिल गया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के सभी विकास कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे हों। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, सुनील साहू, अजित चौधरी, दशरथ साहू, पार्षद माया यादव, पार्षद सीला नारखेड़े, पार्षद सावित धवस, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष विपुल वर्मा, गुड्डु झा, अजित परिहार, मोहन, सरला सिंह, शैलेश शर्मा, सचीन गोस्वामी, संतोष चौधरी, राजेन्द्र यादव, प्रेमचंद साहू, विष्णु दत्त शर्मा सहित क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र का किया अभिनंदन



**सेलूद।** शहर विधायक गजेंद्र यादव को साय सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने भाजपा कार्यालय दुर्ग में उनसे मिलकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल, भोज राम यादव, लक्ष्मण यादव, राजू राजपूत, सोनू राय, रुकमज यादव, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### भीड़ नियंत्रण व पार्किंग को लेकर ट्रैफिक पुलिस की बैठक

**भिलाई।** त्यौहार में भीड़ नियंत्रण और प्रबंध करने के लिए एएसपी रिचा मिश्रा ने ट्रैफिक जवानों की बैठक नेहरु नगर कार्यालय में लिया। इस दौरान पार्किंग प्रबंधन को लेकर बातचीत हुई। त्योहार अवधि में आमजन की सुरक्षा, ट्रैफिक की सुगमता सुनिश्चित किया। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, विसर्जन स्थलों के आसपास ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रुट डायवर्सन प्लान,आयोजन स्थल, मुख्य मार्गों के निकट पर्याप्त पार्किंग जोन, आपातकालीन सेवाओं के लिए स्वतंत्र मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए सीसीटीवी, कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग, बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड्स के माध्यम से श्रद्धालुओं को उचित दिशा-निर्देश प्रदान करना है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील किया है कि सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा निर्धारित मार्ग, पार्किंग व्यवस्था का पालन करें। अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन प्रवेश से बचें। प्रतिमा स्थल व विसर्जन मार्ग पर पैदल चलने, सुरक्षा बैरिकेडिंग का पालन करें। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देशो का सहयोगात्मक भाव से पालन करें। नागरिकों के सहयोग से ही महोत्सव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण व्यवस्था किया जाएगा।

### तीजा पर बहनों को खिलाया करू भात



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में तीजा पर्व पर ग्राम पंचायत एवं युवाओं द्वारा गांव के सभी तिजहरिन बहनों को करेला भात खिलाया गया। इस दौरान रामसिंह निषाद सरपंच ने सभी तिजहरिन विवाहित महिलाओं को पति की दीर्घायु और कुंवारी युवतियां सुयोग्य वर की कामना के साथ निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की व्रत रखs महिलाओं को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ समाजसेवी धनीराम निषाद ने भी सभी को बधाई दी।

### मांगों को लेकर बनाई मानव श्रृंखला




**दुर्ग।** मार्च फॉर साइंस ऑर्गेनाइजिंग कमेटी द्वारा मार्च फॉर साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर छात्र व विज्ञान प्रेमियों द्वारा विभिन्न मांगें रखी। जिसमें हसदेव एवं रायगढ़ जंगल की कटाई व खनन पर रोक लगाने, जंगल, जल, जमीन और जैव विविधता की रक्षा करने शामिल हैं।

# आयुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण, अतिक्रमण पर कसा शिकंजा

## एटीएम के बाहर झाड़ियां साफ करने, त्रिमूर्ति कैंटीन में कोयला बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल अधिकारियों के साथ शहर के वार्डों के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था अव्यवस्थित व अतिक्रमण पर वहां तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सबसे पहले जिला सहकारी बैंक के एटीएम परिसर पहुंचे। वहां एटीएम के बाहर झाड़ियां और गंदगी फैली हुई दिखी। उन्होंने तुरंत सफाई अमले को बुलाकर झाड़ियों को हटाने और आसपास की साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### कैंटीन में कोयले से चाय बनाने पर लगाई रोक

आयुक्त जब तहसील कार्यालय परिसर स्थित त्रिमूर्ति कैंटीन पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि यहां चाय-नाश्ता बनाने में अब भी कोयले का उपयोग हो रहा है। उन्होंने इसे पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से अनुचित बताते हुए तुरंत कोयले का उपयोग बंद करने का आदेश दिया। साथ ही कैंटीन संचालक को नोटिस जारी कर वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने की बात कही।



**गांधी चौक पर अस्थायी दुकान जप्त करने के निर्देश:** गांधी चौक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दीवार से सटाकर एक अस्थायी दुकान का खड़े स्ट्रक्चर को अतिक्रमण मानते हुए निगम के अतिक्रमण विभाग को तत्काल स्ट्रक्चर जप्त करने के निर्देश दिए।

### जल परिसर में फैला कचरा हटवाया

निरीक्षण दल जब जल परिसर क्षेत्र पहुंचा तो वहां लोगों द्वारा फेंके गए बाउंड्रीवाल के अंदर कचरे का ढेर मिला। इस पर आयुक्त ने मौके पर मौजूद अमले को तुरंत सफाई करने का आदेश दिया। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को कचरा न फैलाने की सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद यदि लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते पाए गए तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### शहर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता

निरीक्षण के अंत में आयुक्त अग्रवाल ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इसके लिए रोजाना निरीक्षण होगा और जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## योजना : दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिला है शामिल

# 3 जिलों में 3.22 लाख उपभोक्ताओं को योजना का मिल रहा लाभ, पीएम सूर्य घर योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिजली कंपनी ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना को 400 यूनिट की मासिक छूट की सीमा में संशोधन किया है।

अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत उपभोक्ताओं को मिलेगा। हॉफ बिजली बिल योजना के तहत दुर्ग जिले में 1.39 लाख 80 उपभोक्ता, बालोद में 81 हजार 755 और बेमेतरा 1 लाख 1 हजार 287 जरूरतमंद सामान्य व कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहले की तरह मिलेगा। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले के 1.27 लाख बीपीएल परिवार भी इसमें शामिल हैं। पहले की तरह इन्हें 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी।

वे हॉफ बिजली बिल योजना के तहत अन्य सभी लाभों से भी यथावत लाभान्वित रहेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी बिजली कंपनी तेजी से लागू कर रही है। बिजली कंपनी से मिली जानकारी के मुताबिक उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1 लाख 8 हजार तक उपभोक्ताओं को सब्सीडी दी जा रही है। योजना के तहत 2 किलोवॉट प्लांट से प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है। जिस पर 90 हजार तक कुल सब्सीडी 60 हजार केंद्र और राज्सय 30 हजार देता है। 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है। इसमें 78 हजरा केंद्र और राज्य 30 हजरा का लाभ उपभोक्ताओं को देता है। शेष राशि के लिये जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं, उनके लिये आकर्षक और न्यूनतम वार्षिक ब्याज, कम से कम दस्तावेज में उलब्ध है।

## 1.27 लाख हजार बीपीएल परिवारों को मुफ्त बिजली



### पीएम सूर्यघर योजना से भी लाभ

पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप के वेबसाइट, मोर बिजली ऐप, बिजली कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए के नजदीकी बिजली कंपनी के कायालय में उपभोक्ता लगातार संपर्क कर रहें है। इस योजना के तहत उपभोक्ता सौर प्लांट के स्थापना के लिए वेंडर का चयन ऑनलाइन खुद कर सकते हैं। बिजली कंपनी ने बताया कि सौर प्लांट स्थापित होने के बाद केन्द्र, राज्य से प्राप्त होने वाली सब्सिडी राशि सीधे उपभोक्ता के खाते में अथवा बैंक से लोन लेने वालों के खाते में आता है।

### मुफ्त बिजली योजना तेजी से लागू

उपभोक्ताओं को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने सीजी सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से लागू कर रही है। जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1.8 लाख तक की सब्सिडी दे रही है। दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है।
**-संजय खंडेलवाल,** मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल दुर्ग

### 911 परिवारों ने लगाया है सोलर पैनल

दुर्ग, बालोद , बेमेतरा जिले के 911 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं। बिजली के भारी-भरकम बिलों से भी राहत पा रहे हैं। वर्तमान में मार्केट में विभिन्न कंपनियों के डीसीआर सोलर पैनल उपलब्ध है। जिनके 3 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 1.8 से 2.10 लाख तक है। इसी तरह उपभोकता के 3 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर 1. 8 लाख की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है। उपभोक्ताओं द्वारा सोलर पैनल पैनल लगो जाने से कई लाभ मिल रहे है।

# प्रदेशभर में दुर्ग का सबसे ज्यादा 34 डिग्री तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दो दिनों से मौसम खुला है। मंगलवार को दिनभर आसमान पूरी तरह साफ रहा। जिससे अधिकतम तापमान अचानक बढ़ गया। प्रदेशभर में दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है।

- अचानक बारिश के आसार

मौसम विभाग के हिसाब से ओडिशा तट से सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव से व छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों तक एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

### बस्तर में भारी बारिश, दुर्ग में सूखा

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में बस्तर संभाग के एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। सरगुजा संभाग के अधिक पर मध्यम वर्षा हुई। दुर्ग और रायपुर संभाग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। बिलासपुर संभाग के कुछ हल्की से मध्यम वर्षा हुई। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की गई है।

### अब तक सामान्य से 5 मिमी औसत बारिश कम

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग में एक जून से अब तक 708.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल 26 अगस्त तक 749.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस तरह औसत बारिश पिछले साल से इस साल 5 मिलीमीटर कम है। हालांकि पिछले दो दिन पहले हुई लगातार बारिश ने खेतों व जलाशयों की स्थिति को सुधार दिया है। इसलिए किसानों की उम्मीदें जगी है। फसल संभल चुकी है। अच्छी पैदावारी होने की उम्मीद किसानों को है।

### सिस्टम में ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बना निम्न दवाव का क्षेत्र मंगलवार को बना रहा। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 2 दिनों में और स्पष्ट होने की संभावना है। मानसून की द्रोणिका गंगानगर, सिरसा, आगरा, बांदा, सीधी, संबलपुर से होकर ओडिशा तट के पास बंगाल की खाई उत्तर-पश्चिम में निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र तक पहुंच रही है और बड़ां से दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक पहुंच रही है तथा समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

### कॉलेज में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग।** सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन, ऑफ़ इंडिया रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर एवं एबीवीपी दुर्ग भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ द्वारा एक जीवन बचाएं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवक, अन्य छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक-कर्मचारी, सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय, सेठ, बद्रीलाल, शिक्षा, महाविद्यालय तथा नेशनल, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक कर्मचारी उपस्थित होकर इस कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ जयराम अय्यर, सचिव डॉ मनोज गुप्ता रोटरी क्लब के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सचिव निकेत मेहता एवं ट्रेनर फैकल्टी डॉ. श्रीनाथ तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यशाला मे तकनीकी सहायता सन फार्मा द्वारा प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के पश्चात महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति का अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सदस्य अनिल सुराना सुरेन्द्र राजपूत आदि उपस्थित थे।

# सेल के फौलाद से बने आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि करेंगे सरहद की रक्षा

## क्रिटिकल -ग्रेड स्टील की आपूर्ति की देश की रक्षा क्षेत्र के साथ साझेदारी का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल ने भारतीय नौसेना के दो उन्नत फ्रंटलाइन युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8 हजार टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति करके देश के रक्षा क्षेत्र के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी जारी रखी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में, विशाखापत्तनम में, आयोजित समारोह के दौरान, इन दोनों फ्रिगेटों आज मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

- भारतीय नौसेना में किया गया शामिल

कंपनी ने उन्नत युद्धपोतों के निर्माण के लिए कंपनी ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी करते हुए, अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट्स से क्रिटिकल ग्रेड की हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट्स की आपूर्ति की। भारतीय नौसेना के लिए क्रिटिकल -ग्रेड स्टील के विकास और आपूर्ति के जरिये, सेल ने आयात प्रतिस्थापन और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है । अकेले राउरकेला स्टील प्लांट के स्पेशल प्लेट प्लांट ने टैंक, युद्धपोतों और मिसाइलों जैसे रक्षा अनुप्रयोगों के लिए एक लाख टन से भी अधिक क्रिटिकल - ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है।

### कुशल चालक दल को विकसित करने में सक्षम

आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि जैसे जहाजों को नौसेना में शामिल होने से भारत अब देश में ही अपने जहाजों के लिए बुनियादी स्टील से लेकर इनके जटिल डिजाइन बनाने और कुशल चालक दल तक को विकसित करने में सक्षम है। यह देश की रक्षा प्रणाली की ताकत और मज़बूत नींव को प्रदर्शित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र के साथ सेल की स्थायी साझेदारी अच्छी तरह से स्थापित है। इसमें आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार, आईएनएस अर्णाला, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत आदि जहाजों के लिए महत्वपूर्ण-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है।

# एसएमएस-3 में राजभाषा पखवाड़ा का किया आयोजन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में राजभाषा पखवाड़ा शुरु हुआ। मुख्य अतिथि त्रिभुवन बैठा थे। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं हुई। राजभाषा के लिए जागरुक किया गया।

पखवाड़ा के दौरान जेडएनएस नोट राइटिंग प्रतियोगिता, रूपांतरण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सुरक्षा, पर्यावरण, उत्पादन एवं राजभाषा से संबंधित विषयों पर स्लोगन प्रतियोगिता, स्व-रचित कविता वाचन प्रतियोगिता तथा सुरक्षा, पर्यावरण, उत्पादन, राजभाषा, स्वास्थ्य, जीवन शैली एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नोट राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम ओमप्रकाश, द्वितीय अतुल बेन्दाले, तृतीय रजत कुमार सरकार ने प्राप्त किया। वहीं रूपांतरण प्रतियोगिता में प्रथम प्रशांत दलाई, द्वितीय वंदना सोनी, तृतीय प्रियंका कुमारी रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम अरुण कुमार सिंह, द्वितीय पन्नालाल सिन्हा, तृतीय डी. हेमराज को मिला। कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम श्वेत मिश्रा, द्वितीय केशव पटेल, तृतीय नीरज दुबे तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ऋतुराज पटनायक, द्वितीय केशव पटेल, तृतीय श्वेत मिश्रा ने प्राप्त किया, निबंध में प्रथम कु. रीना कुमारी, द्वितीय निधि सांगा, तृतीय ब्रजनंदन राम रहे। कमल किशोर ने हिंदी क्विज़ किया

# आयरन ज़ोन ईडी वर्क्स कांट्रेक्चुअल वर्कर्स क्विज प्रतियोगिता, विजेताओं को मिले पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स कांट्रेक्चुअल वर्कर्स क्विज कॉम्पिटिशन का आरंभ सिंटर भवन में आयरन ज़ोन की प्रतियोगिता के साथ किया गया। ज़ोन स्तरीय प्रतियोगिता में आयरन ज़ोन के 7 विभागों कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग, ब्लास्ट फर्नेस, ओर हैंडलिंग प्लांट, प्रोपेन संयंत्र, ईएमडी, एलडीसीपी तथा सिंटर प्लांट से 19 टीमों ने भाग लिया। ,सीजीएम अनूप कुमार दत्ता तथा सजीव वर्गीज़ मुख्य अतिथि थे। उन्होंने नॉलेज शेयरिंग और टीमवर्क को व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण बताया। कोक ओवन, सिंटर प्लांट तथा ब्लास्ट फर्नेस की तीन टीमों ने विजेता बनर सितंबर में आयोजित की जा रही संयंत्र स्तरीय क्विज में आयरन जोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्थान बनाया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## निर्माण के लिए 23.96 करोड़ की स्वीकृति

# विधायक गजेंद्र की पहल पर महाराजा चौक से बोरसी तक बनेगा फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में एक और फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार ने दुर्गवासियों को सौगात दी है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रयास से 2024-25 के बजट में स्वीकृत कार्य को प्रारंभ करने शासन ने 23.96 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की है, अब टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण होने यहां से गुजरने वाले हजारों वाहनों का यातायात सुगम होगा।

- यातायात व्यवस्था में होगा सुधार लोगों को मिलेगी राहत

इस स्वीकृति से दुर्ग शहर के विकास को नई गति मिलेगी। शहर के भीतरी क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगा।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग शहर के सतत विकास और नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग का फोरलेन कार्य पूरा होने के बाद जहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र की सौंदर्यता और यातायात व्यवस्था में भी बड़ा सुधार आएगा। इससे न केवल दुर्ग शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा।



### सड़क की मजबूती पर विशेष ध्यान

महाराजा चौक से बोरसी तक 1.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं सड़कों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वाहनों की बढ़ती संख्या तथा ट्रैफिक से बचने उतई, पाटन क्षेत्र के नागरिक भी इसी सड़क का उपयोग करते है। इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय जनता बरसों से कर रहे थे, उनकी लंबित मांग को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिया और इंजीनियर की टीम के साथ मौका का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कराए। शासन स्तर पर 23.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सड़क चौड़ीकरण व पुनर्निर्माण के लिए जताया आभार



शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य शासन से चंडी मंदिर से नयापारा रोड का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए 16 करोड़ स्वीकृत प्रदान कराने के लिए चंडी शीतला मंडल द्वारा कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव का आभार जताया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, महामंत्री अमित पटेल ,नवीन साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश नलोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार,आसिफ अली सैयद ,पार्षद मनीष साहू, गोविंद देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव


रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03



बच्चों को मोबाइल से दूर रखने पैरेंट्स तुरंत उठाएं जरूरी कदम


## लाइव इवेंट

### समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना हम सबकी जिम्मेदारी



**भिलाई।** रौनियार समाज द्वारा कैलाश नगर में महिलाओं द्वारा भजन-वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीज मिलन महोत्सव भी मनाया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- रौनियार समाज ने कैलाश नगर में मनाया तीज मिलन

महिलाओं ने भजन-वंदन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना और रौनियार समाज में एकता स्थापित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। तीज पर्व की पारंपरिक झूला रस्म, गीत-संगीत एवं समूह नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही पारंपरिक परिधान, तीज गीत गान व मनोरंजक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तीज महोत्सव की गरिमा को बढ़ा दिया। एक मिनट के गेम में ज्ञान्मय देवी और रीना गुप्ता अव्वल रही, जिन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीज क्वीन का खिताब प्रमिला गुप्ता और रीना गुप्ता ने जीता। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला गुप्ता ने किया। इस दौरान समाज में जागरूकता, महिला सशक्तिकरण व एकजुटता पर बल दिया। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि इस प्रकार के आयोजन कर समाज की प्रगति और एकता को मजबूत करेंगे।कार्यक्रम में पूनम गुप्ता, सुनीता देवी, पूजा देवी, सरिता देवी, लक्ष्मीना देवी, संतोषी गुप्ता, सोनी गुप्ता, सलोनी गुप्ता, मंजू गुप्ता, फलिलिता देवी, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी, गुडिय़ा देवी उपस्थित रही।



## सिटी इवेंट

### पति की दीर्घायु की कामना कर रखा 24 घंटे का निर्जला व्रत



**भिलाई।** पति की दीर्घायु की कामना का व्रत हरितालिका तीज मंगलवार को जिले भर में आस्था श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व निराहार रहकर हरितालिका तीज का व्रत रखा और शुभ मुहूर्त की बेला में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। साथ ही भगवान भोले भंडारी से अखंड सौभाग्य व सुखमय वैवाहिक जीवन का वरदान मांगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का व्रत किया जाता है। इस दिन सुहागिने अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती है।

- हरितालिका तीज महोत्सव में महिलाओं ने दिखाया अपना भक्तिभाव
- महिलाओं ने किया सोलह श्रृंगार, आज सुबह करेंगे विधि-विधान से पूजा अर्चना

उन्होंने बताया कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर चारों पहर की व्रत कथा सुनी। घर पर बालू और मिट्टी से शिव-पार्वती बनाया और फूलेरा सजाकर माता को साड़ी, श्रृंगार का सामान, फल मिठाई अर्पित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। बुधवार की सुबह अंतिम पहर की पूजा कर जवारे और पार्थिव शिव-पार्वती का विजर्सन गाजे बाजे के साथ तालाब में विसर्जन करने जायेंगी।



● जगह-जगह शोभायात्रा, देर रात तक गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन के बीच गणेशोत्सव प्रारंभ

# मनोकामना सिद्ध गणपति से होंगे सभी मनोरथ पूरे, ऑपरेशन सिंदूर थीम पर भारत माता की आरती से गणेशोत्सव की शुरुआत

भिलाई। गणेशोत्सव के स्वागत को लेकर ट्विनसिटी में खासी धूम दिखाई दे रही है। भक्त अपने अराध्य देव के स्वागत में कहीं कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते है। शहर के मंदिरों और बाजारों में गणपति उत्सव के दरबार सजा गया है। आज प्रतिमाएं मंदिरों, घरों और पंडालों में स्थापित की जायेंगी। शहर के मुख्य जगहों पर सेक्टर-2, सेक्टर-1, सेक्टर-10, नया खुर्सीपार, हुडको, खुर्सीपार, सुपेला, वैशालीनगर, नेहरूनगर, हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, कुरुद, पावर हाउस, बालाजी नगर, रिसाली में बड़ी गणेश प्रतिमाएं स्थापित होंगी। दुर्ग में सत्ती चौरा, गंजपारा, चंडी मंदिर, पोलसाय पारा, अग्रसेन चौक, सिंधी कॉलोनी, आदर्श नगर चौक, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर भी बड़े आयोजन किये जायेंगे। गणेशोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा भजन-कीर्तन का भी आयोजन प्रस्तावित किया गया है।


### मनोकामना सिद्ध गणपति से हो रहे सभी मनोरथ पूर्ण

नया खुर्सीपार मंगल भवन के बाजू स्थित नव युवा मित्र मंडल द्वारा पिछले 30 सालों से गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जहां समिति के सदस्यों और आसपास के लोगो की विशेष आस्था जुड़ी हुई है। इस पंडाल की खासियत यहां की विशेष पूजा मानी जाती है।जहां सभी के मनोकामना सिद्ध होने का प्रमाण भी तत्काल दिखाई देता है।

समिति के अदध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का यह 30वां वर्ष है। पिछले साल गणेश पूजा के ठीक 3 दिन पहले समिति के दो सदस्यों का जबरदस्त एक्सीडेंट हो गया था और डाक्टर ने हाथ और अंगुली का जल्द आपरेशन करने की हिदायत दी और गणपति स्थापना के बाद आपरेशन की डेट दे दी गई और हमने हर साल की तरह पूरी भक्ति भाव के साथ विघ्नहर्ता की विधि विधान के साथ संकल्प लेकर पूजा अर्चना की। सदस्यों ने बताया कि काफी दर्द से पीड़ित होने पर धीरे-धीरे आराम होने लगा और उक्त डेट में हास्पीटल जाने पर डाक्टर ने कहा कि अब ऑपरेशन की जरुरत नही है और यह हड्डी पूरी तरह से अपने आप जुड़ चुकी है जो एक चमत्कार से कम नही है। आपरेशन के बाद भी इतने अच्छे से नही जुड़ पाती। यह चमत्कार देख लोगो की और आस्था बढ़ गई। पवन ने बताया कि समिति से बचपन से जुड़े हुए है उस समय हम सभी बेरोजगार थे और आज 52-55 की उम्र आते तक सभी सदस्य विघ्नहर्ता के आर्शिवाद से समाज के अच्छे ओहदे पर रहते हुए कोई राजनितिज्ञ, व्यापारी और गवरमेंट जॉब करते हुए घर परिवार सहित सेटेल हो चुके है। इसलिए समिति के साथ अन्य लोग भी इस मनोकामना सिद्ध गणपति को मानते है।







### नई पीढ़ी को दिखाएंगे जुरासिक वर्ल्ड का इतिहास



नवयुवा मित्र मंडल खुर्सीपार में आयोजित गणेश पूजा के इस पंडाल में 15 फीट के मनोकामना सिद्ध गणपति आर्शिवाद हस्त मुद्रा में बैठी हुई प्रतिमा शिल्प ग्राम थनौद के मेघू चक्रधारी द्वारा तैयार किया गया है। और आयोजन के 30वे वर्ष में आने वाली सोशल मीडिया की नई पीढ़ी को धरती का इतिहास और पुरातन काल के जुरासिक वर्ल्ड को झांकी के द्वारा दिखाया जाएगा। चलित और जीवंत झांकी बच्चों के साथ साथ बड़ों को भी आकर्षित करेंगी। जिसमें डायनासोर के पड़े पैर, पंजे के साथ विशाल अंडे से डायनासोर का जन्म आदि दिखाया जाएगा। समिति में शिरिष अग्रवाल, दीपक बंसल, गिरिश माहेश्वरी, सतीश शर्मा, शंभूनाथ बैठा, कृष्णा मुरारी, सताश अग्रवाल, विकास केसरवानी और विजय साहू के साथ अन्य कई लोग जुड़कर सेवा कार्य कर रहे है। गणेश पंडाल तैयार करने बंगाल के कारीगर पिछले एक महीने से कार्य कर रहे है।

### सुबह से लेकर रात तक उत्तम मुहूर्त



ज्योतिषाचार्यों और पंडितों की मानें तो इस बार का गणेशोत्सव खास है क्योंकि गणेश का दिन बुधावर से गणेश पूजा की शुरुआत हो रही है। ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि बुधवार को भद्रा दिन के 3 बजकर 34 मिनट तक है, लेकिन कन्या राशि पर चन्द्र होने के कारण भद्रा का निवास पाताल लोक में है, इसलिए भद्रा का पृथ्वी पर कोई अशुभ प्रभाव नहीं है। इसलिए सुबह से लेकर रात तक भगवान गणेश की स्थापना कर सकते हैं। विशेष रूप से मध्यान्ह काल में गणेश स्थापना अत्यधिक कल्याणप्रद रहेगा। ज्योतिष की दृष्टि से देखा जाए तो हस्त नक्षत्र के बाद चित्रा नक्षत्र शुरू हो जाएगा। चित्रा नक्षत्र के द्वितीय चरण के स्वामी भगवान गणेश ही हैं और दिन बुधवार का प्रतिनिधित्व भी गणेश ही करते हैं। मध्यान समय पर यदि गणेश को दूबी, शमी पत्र और मंदार पुष्प आदि तीन पुष्प अर्पित करते हुए गणेश अथर्व शीर्षम् का पाठ किया जाए तो घर, व्यापार एवं शिक्षा कैरियर में आ रही बाधा समाप्त होती है, साथ ही मन-मुताबिक व्यवसाय मे सफलता मिलती है। 12 गणेश के नाम का उच्चारण करते हुए उनकी आराधना करें।







### आज आर्मी के जवान भारत माता और गणेश आरती से करेंगे शुरुआत





सेक्टर-7 में इस बार ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर झांकी तैयारी की गई है। गणेशोत्सव की शुरुआत आज रिटायर्ड आर्मी के जवानों दवरा की जाएगी। सेक्टर-1 में इस बार अली बाबा चालिस चोर की थीम पर जिवित और चलित झांकी बनाई गई है। इसके अलावा सेक्टर-2 में पर्वत राज पर्यावरण के संरक्षण थीम पर गणेश पंडाल की साज-सज्जा की गई है। जिसमें आदिवासी और पर्वतों को बचाने पेड़ लगाने लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से झांकियां तैयार की गई है। सेक्टर-10 में बीएचयू प्रांगण में बनाया गया काशी विश्वनाथ की झांकी और पुणे के तुलसी बाग की गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। अंडा चौक खुर्सीपार में चार धाम मंदिर के दर्शन दिखाये जाएंगे। हुडको में गणेश अनेक प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी। इसमें प्रमुख बाल गंगाधर तिलक के संदेशों का वर्णन दर्शाया जाएगा। इस प्रकार इस बार भक्तों के लिए गणेशोत्सव में घूमने के लिए कई गणेश पंडाल हैं। मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर में पहली बार दक्षिण कौशल गणेश समिति द्वारा भव्य गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है जिसमे दक्षिण से आए आचार्यो द्वारा प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा की जाएगी। आयोजन में निशुल्क चलित झांकी प्रयागराज कुंभ का दर्शन और ऑपरेशन सिंदूर का प्रसारण किया जाएगा।

## उत्कल समाज का प्रमुख त्यौहार है नुआखाई

कार्नर न्यूज

# ट्विनसिटी के उत्कलवासी दान देकर आज से मनाएंगे नुआखाई, 3 दिनों तक चलेगा आयोजन



भिलाई। ट्विनसिटी के उड़िया समाज के लोग आज नुआखाई का त्यौहार मना रहे हैं। त्यौहार को लेकर शहर में पूरी तैयारियां की गई हैं। दुर्ग जिले में 3 लाख से अधिक लोग निवासरत हैं। उत्कल समाज का प्रमुख पर्व है नुआखाई। उत्कल समाज के लोगों के लिए यह पर्व होली, दीपावली तथा नए साल की खुशी से कम नहीं है। यह पर्व कृषि से संबंधित प्रकृति की पूजा है। नया धान और अन्न को विधि-विधान से प्रथम दिन खाने का नाम है नुआखाई। उत्कल समाज के लोग प्रकृति प्रेमी हैं। उत्कल समाज के लोग प्रकृति प्रेमी है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त धान, कुम्हड़ा आदि के प्रथम खाने वाले दिन को एक उत्सव त्यौहार या पर्व का नाम दिया जाता है। यहां तक की सेमी, महुआ आदि को खाने से पहले उत्कलवासी इसे उत्सव सेमी जात्रा, माहुल जात्रा के रुप में मनाते हैं।



### दान का विशेष महत्व



छत्तीसगढ़ उत्कल समाज के जिलाध्यक्ष वकील तांडी और समाज के शंकर दास ने बताया कि इस वर्ष इस पर्व का शुभ मुहूर्त का समय सुबह 9.37 से 12.45 अमृत योग में अन्न ग्रहण का शुभ माना गया है। यह पर्व तीन दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व है। एक दिन पूर्व उपवास नुआखाई के पश्चात बासी त्यासी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद भेंट-घाट का कार्यक्रम है। नुआखाई त्यौहार के दिन लोहार, कुम्हार, नाई, घोबी, माली, केंवट, आदि समाज के लोगों को दान या भेंट देना शुभ माना जाता है।

### दूसरे दिन ऋषि पंचमी

नुआखाई नया धान से चावल, चिवड़ा, इन्हीं से पकवान अड्सा पीग, भाजा पीग, चावल में गुड़ तिल मिलाकर जोखा स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है। साथ ही दूध, दही, धी, नारियल, गुड़, शहद, तिल, गुर्जी कोंटा आदि सामग्री का उपयोग किया जाता है।

**कुरे-पोतर (पत्ता) का विशेष महत्व :** इन दिन नए बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। पूजा, प्रसाद व भोजन के लिए एक खास पत्ता कुरे पोतर का उपयोग गिया जाता है।

**नया अन्न प्रसाद ग्रहण :** शुभ मूहुर्त-अमृत योग में महाप्रभु जगन्नाथ, मां समलेश्वरी अन्य देवी देवाताओं, कुल देवी देवताओं और अपने पितरों, पूवर्जों की विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद नए अन्न से बने प्रसाद व भोजन को कुरे पोवर में भोग लगाया जाता है। जिसके बाद परिवार के सदस्य इस अन्न को ग्रहण करते हैं।

### बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद

इस अवसर पर गांव घर के बड़े बुजुर्गों के पांव छूकर आशीर्वाद लेने की महत्पूर्ण परम्परा आज भी जीवित है। इसे नुआखाई जुहार कहते हैं। एक दूसरे को नए कपड़े समान व रुपए भेंट देने की भी परम्परा है।

**तीसरे दिन- बासी तियासी**

इस दिन को बासी तियासी के दिन के रुप में जाना जाता है। घर के बड़े बुजुर्ग स्नान ध्यान कर जो प्रसाद, नया अन्न एवं सभी चढ़ाई हुई चीजों से भोजन तैयार कर परिवार सहित इसे खाया जाता है। उत्कल समाज के लोग आजीविका के लिए देश, प्रदेश कहीं भी रह रहे हों लेकिन सभी की इच्छा रहती है कि नुआखाई पर वह अपने गांव, अपने घर जरुर पहुंचे। आनंद उत्सव की इस बेला में कोई भी व्यक्ति परिवार से दूर नहीं रहना चाहता। यह पर्व गणेश चतुर्थी से 3 दिनों तक मनाया जाता है। जिसमें घर के प्रमुख बड़े बुजुर्ग उपवास रखते हैं। ये अपने घर,परिवार, कुल के देवी देवताओं और पितरों को आह्वान करते हैं।

सिटी इवेंट

## मेगा हेल्थ कैम्प में उपचार के साथ दी शासकीय योजनाओं की जानकारी



**भिलाई।** स्वास्थ्य विभाग ओर महिला बाल विकास विभाग परियोजना भिलाई 3 के संयुक्त तत्वावधान में राज्य गठन की रजत जयंती वर्ष पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेमलता चंद्राकार, शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया, परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी व बीईईटीओ सैय्यद असलम की उपस्थित थे। शिविर में 145 महिलाओं और किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिलाओं को उपचार कर दवा दी गई है। 42 बालिकाओ को स्वच्छता संबंधित जानकारी माहवारी के लिए सैनेटरी पैड वितरण किया गया। ऐसी महिलाएं जिनकी उम्र 30 से अधिक है, में उच्च रक्तचाप की शिकायत वाली 17 का चिन्हांकन कर उपचार किया गया है। सैय्यद असलम ने बताया कि शासन के रंजत जयंती वर्ष पर राज्य की कल्याणकारी योजनाएं के संबंध में सभी विभाग जनता को उन योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उसका लाभ जनता तक सीधे पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया गया था। शिविर व महिला जागृति शिविर में महिलाओं का स्तन कैंसर स्क्रीनिंग करके कैंसर रोग के प्रति जागरूक किया गया। वहीं रक्त अल्पता ख़ून की कमी वाले हिमोग्लोबिन कम वाली महिलाओ को आयरन व फोलिक एसिड व कैल्शियम टेबलेट दी गई। किशोरी बालिकाओं को सैनेटरी नैपकिन देकर माहवारी शुरू होने के समय स्वच्छता,पैड का उपयोग व निष्पादन ओर सिकल सेल की जांच कर विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, एलएचव्ही आर विश्वास, आभा साहू, इंदु कौसले, उषा मिश्रा, जे कौर विरदी, राज विजय लक्ष्मी, देविला चंद्राकर, संध्या वर्मा, पी स्वामी, वर्षा पांडेय, शांता पाटिल, यशवंत साहू, वेगु गवेल, जितेन्द्र पटेल,नीना चक्रवती निवेश प्रधान और कुमेश साहू सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

- रजत जयंती वर्ष पर मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया भिलाई-तीन में

सिटी इवेंट

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचयात्मक कार्यक्रम में दिखा उत्साह



**भिलाई।** नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विवेकानंद यूथ सर्कल के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय चिंतन की भावना को जागृत करने अखण्ड भारत विषय पर उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया किया एक व्यक्ति में श्रेष्ठ गुणों का निर्माण करने से ही एक श्रेष्ठ राष्ट्र निर्मित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन और वंदना कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ बोगी ने इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसे विद्यार्थियों द्वारा सराहा गया। संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज की इस कार्यक्रम से प्रत्येक विद्यार्थी में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना प्रेरित होगी। विवेकानंद यूथ सर्कल के छत्तीसगढ़ प्रांत के सह समन्वयक विकांत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और युवाओं का राष्ट्रभक्ति जागृत करने के लिए उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में एन.एस.एस. के स्वयंसेवक छात्रों का विशेष योगदान रहा।

सिटी लाइव

## दुर्ग भिलाई इंजीनियरों ने बनाई विश्व में पहचान, हुआ



**भिलाई।** इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस इंजीनियर्स ऑर्गनाजेशन दुर्ग भिलाई चैप्टर का सम्मेलन और चुनाव इंजीनियर्स भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजीत किया गया। जिसमें इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस दुर्ग-भिलाई लोकल चैप्टर के लिये दुर्ग के इंजिनियर डॉ. राजेश ताम्रकार को निर्विरोध अध्यक्ष और इंजीनियर शुभ्रकांत ताम्रकार को सचिव के रूप में चयनित किया गया है। सम्मेलन में आईबीसी के स्थाई सदस्य और पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. एसके अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. देवाशीष सॉन्याल, अनिल तिवारी, जितेंद्र उपाध्याय की उपस्थित थे। चुनाव निर्वाचन अधिकारी इंजी. सुशील ताम्रकार द्वारा घोषित हुई नई कार्यकारणी में दुर्ग-भिलाई लोकल चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राजेश ताम्रकार, उपाध्यक्ष इंजी. संजीव कासलीवाल, सचिव इंजीनियर शुभ्रकांत ताम्रकार, कोषाध्यक्ष इंजी. भिमेंद्र देशमुख चुने गए। कार्यकारणी सदस्य डॉ. आर. पी. देवांगन, नंदन्वार, रश्मि चौधरी, देवेश मिश्रा, शशांक ताम्रकार और बसंत साहू शामिल को बनाया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसके अग्रवाल ने कहा कि हमारा संगठन नई तकनीक के उपयोगिता , प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन कर इंजीनियरों को हमेशा मोटिवेट और सपोर्ट प्रदान करता है। नव नियुक्त अध्यक्ष बने डॉ. राजेश ताम्रकार ने कहा कि दुर्ग भिलाई इंजीनियरों की खदान है यहां के इंजीनियर्स पुरे विश्व में अपनी पहचान बना रहे हैं और हम अपने संगठन में ज्यादा से ज्यादा इंजीनियर्स को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

● फैशन में सीता, माला-उमा तथा नगलक्ष्मी-चंद्रा की जोड़ी और गायन में शारदा प्रथम

# दादी-नानियों ने फैशन शो में कैटवॉक कर सभी को किया अचंभित, दिखी सांस्कृतिक और समृद्ध विरासत की झलक

**भिलाई।** दक्षिण भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रावण मास की विदाई पर आंध्र महिला मंडली द्वारा दादी नानियों के लिए फैशन शो और रैंप वॉक का आयोजन सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में किया गया। इस अवसर पर मंडल के पचास वर्ष पूर्ण होने पर तेलुगु, अंग्रेजी एवं हिंदी में रचित महिला मंडली की स्मारिका का विमोचन भी हुआ। समारोह में सांस्कृतिक और समृद्ध विरासत की झलक भी देखने को मिली, जिसकी हर आयु वर्ग की सैकड़ों महिलाएं साक्षी बनीं। हर्षोल्लास के बीच मनाए गए इस समारोह में फैशन शो का रंगारंग आयोजन हुआ। इसके अलावा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति भी हुई, जिसने भवन में मौजूद सभी के दिलों में राष्ट्रप्रेम की भावना भर दी। इस अवसर पर पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तेलुगु, अंग्रेजी एवं हिंदी में रचित महिला मंडली की स्मारिका का विमोचन भी हुआ। साथ ही उम्रदराज दादी-नानी ने कैटवॉक कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।




### उम्रदराज महिलाओं ने कैटवॉक कर चौंकाया





समारोह की शुरुआत अध्यक्ष पेरि पद्मा और अन्य अतिथियों सहित दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद पुष्पलता रेड्डी ने गणेश वंदना तथा महिला मंडली का गीत सुमधुर स्वर में गाया। अतिथियों के स्वागत में महिलाओं ने शानदार समूह नृत्य भी पेश किया। सबसे ज्यादा ध्यान फैशन शो ने उस वक्त खींचा, जब मंच पर उम्रदराज महिलाओं ने कैटवॉक कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। पारंपरिक परिधान में नजर आईं दादी-नानी की उम्र वाली इन महिलाओं के जोश और ऊर्जा ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। वहीं इस फैशन शो में विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में महिलाओं ने जोड़ियों में कैटवॉक किया। पुरुषों के गेटअप में महिलाओं के तेवर देखने लायक थे। साथ ही इस मौके पर जूनियर और सीनियर महिलाओं ने जोश से भरे देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति भी दी। जूरी में शिक्षिका एवं नृत्यांगना राधा, ज्वेलरी विशेषज्ञ दीप्ति पिल्लै, कर्नाटक संगीत शिक्षिका विजया, वीणा शिक्षिका कल्पना साईं, भरतनाट्यम नर्तकी जयारेड्डी तथा लोकगायिका व समाजसेविका ममता शामिल थीं।

### पुरुषों के गेटअप में महिलाओं की धमक






फैशन शो के नतीजों के मुताबिक वरिष्ठ महिला वर्ग में ए सीता महालक्ष्मी प्रथम, एम लक्ष्मी द्वितीय और ए राजेश्वरी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि राज्यवार जोड़ियों में एन माला व उमा तथा नाग लक्ष्मी व चंद्रा की जोड़ी ने पहले स्थान के लिए बाजी मारी। वहीं जयश्री व देवी, जी मालती व उमा तथा एस कलावती व के शारदा की जोड़ियां दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि पुष्पलता व जया तथा सुकन्या व भूमिका को तीसरे स्थान से ही तसल्ली करनी पड़ी। देशभक्ति गीत गायन में जूनियर ग्रुप की शारदा प्रथम, लावण्या द्वितीय और एन संगीता तृतीय रहीं तथा सीनियर ग्रुप की के पद्मजा प्रथम, टी सुब्बालक्ष्मी द्वितीय एवं कल्याणी तृतीय रहीं। समारोह में इंदिरा, लीला, कामाक्षी, बी पोलम्मा, प्रभाराव, सुब्बालक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। संचालन पावनी मोहन और अनिता ने किया।

हुडको में हुआ आयोजन

## कृष्ण का अर्जुन, बर्बरीक, भीष्म और द्रोपदी के संवाद प्रतियोगिता में युवाओं ने किया प्रस्तुत



**भिलाई।** संस्कार भारती संस्था दुर्ग इकाई के तत्वावधान में कृष्ण संवाद प्रतियोगिता का आयोजन गजानन मंदिर प्रांगण, हुडको भिलाई में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में 15 से 20 साल के आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गजानन गुणगान मंडल भिलाई के संस्थापक बसंत कापरे के साथ संस्था के सदस्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता में स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय और आत्मानंद विद्यालय के छात्रों सहित कई महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और संस्कार से अवगत कराने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण और नटराज की पूजा के बाद संस्था के ध्येय गीत का गान कर प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। जिसमें प्रतिभागियों दवरा कृष्ण से जुड़े संवाद को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्य रूप से अर्जुन-कृष्ण संवाद, कृष्ण-बर्बरीक संवाद, भीष्म-कृष्ण संवाद, द्रोपदी-कृष्ण संवाद, यशोदा-कृष्ण संवाद, कृष्ण-रुक्मिणी संवाद एवं युधिष्ठिर- कृष्ण संवाद प्रस्तुत किया गया। इनके संवाद पर उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रोत्सहित किया। कार्यक्रम में संस्कार भारती संस्था के प्रांताध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, कीर्ति व्यास, विकास पांडे, हेमंत सगदेव, चितलांगया, राजेश धारकर, राजेन्द्र झपे, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, गौतम शील, ज्योति गुप्ता, देवयानी व्यास, शोभना व्यास, डी पी. पारकर सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी त्रिवेदी और आभार व्यक्त महामंत्री संजय तनखीवाले ने किया।

### विजेता बच्चे हुए सम्मानित

कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने प्रतिभागियों को दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हेमंत जगम, महेश्वर नायडू और डॉ. ज्योति धारकर ने योगदान दिया। जिसमें प्रथम अपेक्षा राजपूत, द्वितीय नम्रता देवतारे और तृतीय स्थान मदन तांडी को मिला। जिसमें विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। शेष प्रतिभागियों को भी प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गये।

आयोजन

## हिंदी व छत्तीसगढ़ी रचनाओं ने साहित्य रसिकों का जीता दिल



**भिलाई।** शिखर साहित्य मंच के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन मठ पारा जामुल में किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, नरेन्द्र सिक्केवाल, गोविन्द पाल और करीम खान उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों दवरा माता सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी की शुरुआत की गई। भिलाई की कवयित्री नीलम जायसवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कवि इस्माइल आजाद और कवित्री प्रिया गुप्ता ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शिखर साहित्य मंच ने सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जामुल के पंडवानी गायक गौतम साहू का सम्मान किया गया। भिलाई-3 के कवि गजेन्द्र द्विवेदी के संचालन में शुरू हुई कवि गोष्ठी में सोहागपुर कवर्धा से धर्मेन्द्र डहरवाल, छुईखदान से धर्मेन्द्र जंघेल, पिरदा भिंभोरी से दिलीप टिकरिहा, सुरडुंग से डामन लाल वर्मा, अंजोरा दुर्ग अनिल राय भारत, रायपुर से इरफानुददीन इरफान, दुर्ग शायर इज़राइल बेग शाद, दुर्ग शायरा नुरुस्ससबा, आलोक नारंग, टेडेसरा से राजकुमार रौना, भिलाई से कवयित्री नीलम जायसवाल, शीशलता शालू, रियाज खान गौहर, जाविद हसन, संतोष जाटव, बैकुंठ महानंद और जितेन्द्र वर्मा वैद्य ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी गीत, कविता व ग़ज़ल से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया।

**शिखर साहित्य मंच के तत्वावधान में हुई काव्य गोष्ठी**

स्वच्छता दूतों को वितरित की सफाई सामग्री

# सत्तीचौरा में भादो अमावस्या पर हुई माता की महाआरती, नारियल भेंट कर चढ़ाई चुनरी

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** सत्तीचौरा मंदिर गंजपारा में इस वर्ष भी भादो अमावस्या के अवसर पर सत्ती माता की विशेष पूजा अर्चना, महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुबह 9 बजे से श्रद्धालुओं ने माता के चबूतरे में आकर चुनरी चढ़ाई और नारियल भेंट किया। सैकड़ों वर्ष पुरानी इस मंदिर की मान्यता है कि यहां जो भी भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ माता को दो नारियल चढ़ाता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी गंजपारा वासियों ने देखा है।

### इन्होंने किया सहयोग

आयोजन में विठ्ठल दास भूतड़ा, कुलेश्वर साहू, कृष्ण टावरी, महेश टावरी, अशोक राठी, मनोज टावरी, सोनल सेन, संजय सेन, मिथला देवी शर्मा, चंदा शर्मा, सरिता शर्मा, अर्चना शर्मा, चंचल शर्मा, किरण सेन, चंचल, ललित शर्मा, आभा शर्मा, शोभा गुप्ता, सुमन शर्मा, शिल्पी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, कुंती यादव, लक्ष्मी यादव, अम्बिका पांडेय, कविता शर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, पिंकी साहू, उर्वशी साहू, लक्ष्मी यादव, सुजल शर्मा, सुयश गुप्ता, दीपक ढीमर, दीना ढीमर, रवि राजपूत, बंटी यादव सहित अन्य धर्मप्रेमियों ने उपस्थित होकर भक्ति भाव के साथ भजन संध्या का आनंद लिया।



### सफाई सामग्री का वितरण



इस अवसर पर गंजपारा की पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता द्वारा वार्ड में सफाई कार्य करने वाली स्वस्छता दूतों को को गीला और सूखा कचरा उठाने के लिए हाथ से चलने वाला बड़ा कूड़ा दान और सफाई करने की अन्य सामग्री का वितरण किया गया। शाम को सत्ती माता मंदिर में साढ़े 7 बजे पंडित सुनील पांडेय द्वारा माता की महिमा का वर्णन किया और पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। जिसमें सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

### नारियल चढ़ाने से पूरी होती हैं मनोकामनाएं

मंदिर में कोई भी धार्मिक और सामाजिक आयोजन करने के पहले माता सत्ती को नारियल चढ़ाया जाता है उसके बाद ही कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि किसी भी बड़े आयोजन के समय पानी गिर जाता है या भरी बरसात में भी कोई कार्यक्रम होता है तो इस दरबार मे नारियल चढ़ा देने के बाद वह पानी गिरना बंद हो जाता है, बच्चों की ज्यादा तबियत खराब हो, कोई बड़ा कार्य करने जाना हो, कोई काम रुक रहा हो, या कोई पद पाना हो तो इस दरबार मे पूरी श्रद्धा एवं विश्वास के साथ नारियल चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। माता सत्ती का विशेष दिन भादो माह की अमावस्या को गंजपारा और आसपास के श्रद्धालुओं द्वारा मिलकर माता की महाआरती की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने बंगाल को हराया, आयुष के 4 विकेट



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-23 इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच 2024-25 जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ अंडर-23 ने बंगाल को 4 विकेट से परास्त किया। छत्तीसगढ़ का पहला मैच बंगाल के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बंगाल अंडर-23 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 49.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 227 रन बनाए। बंगाल की ओर से शशांक सिंह ने 76 रन तथा सुमीत नाग ने 57 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष ठाकुर तथा अब्दुल अनस खान ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम ने 46.4 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। छत्तीसगढ़ अंडर-23 की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज मयंक वर्मा ने शानदार 97 रनों का योगदान दियां । उनके अतिरिक्त अनुराग साहु ने 36 रन तथा साहित रजत शरीफ ने 29 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं बंगाल की ओर से प्रयास राय ने 3 विकेट तथा दिलशाद ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

### कोरबा बन गया ताइक्वांडो का गढ़, सभी वर्गों में बाज़ी मारी



**रायपुर।** अंबिकापुर स्थित गांधी स्टेडियम, मल्टीपर्पज़ हॉल में आयोजित 21वीं सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं 8वीं कैडेट स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में कोरबा ने अपनी प्रतिभा और पराक्रम से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के तीनों दिन तक गूंजती रही खिलाड़ियों की जीत की गूंज और इसी जोश ने कोरबा को "ऑल ओवर चैंपियन" बना दिया। जूनियर से सीनियर वर्ग तक, हर वर्ग में कोरबा ने झंडे गाड़ दिया। कोरबा जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव लोकेश राठौर ने कहा –यह विजय केवल पदकों का हिसाब नहीं है, बल्कि यह मेहनत, अनुशासन और जज़्बे की जीत है। कोरबा के बच्चों ने साबित कर दिया है कि वे हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।"उन्होंने खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि –"आपकी निखरी हुई लाड़िया (प्रतिभाएं) आने वाले कल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगी।"इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने बधाई देते हुए कहा – "कोरबा के खिलाड़ियों ने अपने परिश्रम और आत्मविश्वास से यह उपलब्धि हासिल कर हम सबका सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। यही युवा हमारी असली पूंजी हैं और आने वाले समय में देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान इन्हीं के दम पर बनेगी।"प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों ने भी उत्साह के साथ कहा कि यह उनके लिए केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन का नया अध्याय है।

### खेल शिक्षकों को पदोन्नति, बनें सहायक जिला कीड़ा अधिकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ खेल शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी हो गया है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में निहित प्रावधान के अधीन विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा इसकी अनुशंसा की गई थी। जिसमें बी.पी.एड. धारी व्यायाम शिक्षकों को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से व्याख्याता शारीरिक शिक्षा / सहायक जिला कीडा अधिकारी में पदोन्त किया गया है। इनमें जीवन लाल साहू, गीता सोनी, संदीप कुमार शर्मा, विजय वर्मा, कमलेश यादव, जीवन लाल नायक, बिष्णु राम साहू, ओमप्रकाश जायसवाल, शिरीन बानो खान, कौशल कुमार ठेठवार, अश्वनी चन्द्रांकर, छाया प्रकाश राव,उषा चटर्जी, धनराज केमरो, शकीला देवदास, संजय शुक्ला, शिवनंदन देवांगन, प्रेम लाल पाण्डेय, प्रमेन्द्र बहादुर, झसेन्द्र गबेल सिंह, संदीप गोविलकर और अनिल गौतम शामिल हैं।

### क्रिकेट संघ मिला मंत्री से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के संचालक विजय शाह एंव सदस्यों ने गुरु खुशवंत साहेब मंत्री, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार अनुसूचित जाति विकास से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जी. एस. मूर्ति, राजेश दवे, सतीश जैन, एच.पी. सिंह तथा हरी गुंडल्लापल्ली उपस्थित थे।

## आमतौर पर 50 वर्ष की आयु के बाद दिखते हैं शुरुआती लक्षण

# आंखों की समस्याओं से पता चल सकता है डिमेंशिया का, शुरुआती लक्षण में संभव है इसका बेहतर उपचार

डिमेंशिया एक प्रकार का न्यूरोलॉजिकल विकार है जिसमें संज्ञानात्मक क्षमता समय के साथ कमजोर होने लग जाती है। आमतौर पर 60 साल की आयु में होने वाले इस रोग में सोचने, याद रखने और तर्क करने की क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। इस तरह की समस्याओं के कारण जीवन की गुणवत्ता भी काफी कमजोर होने लगती है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिमेंशिया से पीड़ित कुछ लोग अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर पाते हैं और उनके व्यक्तित्व में अप्रत्याशित बदलाव भी नजर आने लगता है। कुछ शोध में पाया गया है कि अब 50 तक की आयु वालों में भी इस रोग का निदान किया जा रहा है।



डिमेंशिया चूंकि न्यूरोलॉजिकल विकार है ऐसे में इसके लक्षण मस्तिष्क से संबंधित होते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि आंखों में होने वाली कुछ समस्याओं के आधार पर भी इस रोग की पहचान की जा सकती है? आइए इस तरह के लक्षणों के बारे में जानते हैं।



### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लंदन में लेजर आई क्लिनिक में प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जोर्न स्लॉट जोर्गेनसन कहते हैं, डिमेंशिया की समस्या में याददाश्त में होने वाली परेशानियों से पहले आंखों में इसके लक्षण नजर आने लगते हैं। अध्ययनकर्ताओं की टीम ने पाया कि दृष्टि संबंधी ये समस्याएं डिमेंशिया के शुरुआती लक्षणों में से एक हो सकती हैं। यूसीएसएफ वेइल इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंसेज के एक अध्ययन में पाया गया कि रेटिना स्कैन के माध्यम से रक्त वाहिकाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तनों का पता लगा सकता है जो अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में बहुत कुछ स्पष्ट करती हैं।

### डिमेंशिया के लक्षणों के बारे में जानिए

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि डिमेंशिया की स्थिति कई प्रकार से हमारे सोचने-समझने और समस्याओं को हल करने की क्षमता को प्रभावित करने वाली हो सकती है। इसमें सबसे पहले स्मृति हानि, निर्णय लेने में समस्या और भ्रम का अनुभव होता है। इसके अलावा कुछ लोगों को बोलने, समझने और विचार व्यक्त करने या पढ़ने-लिखने में भी कठिनाई हो सकती है। मस्तिष्क से संबंधित इन समस्याओं के साथ डिमेंशिया के कुछ लक्षण आंखों में भी नजर आते हैं, जिनपर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

### पढ़ने-लिखने में कठिनाई महसूस होना

डिमेंशिया से पीड़ित लोगों को शुरुआती लक्षणों में दृष्टि में बदलाव होने लगता है, ऐसे लोगों के लिए दूरियों का अंदाजा लगाना और रंगों की पहचान करना भी कठिन हो सकता है। इस तरह की समस्याओं के कारण जब आप कुछ लिखते-पढ़ते हैं तो भी आपको कई प्रकार की समस्याओं का अनुभव होते रह सकता है। दृष्टि में महसूस होने वाले बदलाव की समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है।

### विजुअल मेमोरी कमजोर होना

डिमेंशिया के शिकार लोगों की विजुअल मेमोरी यानी की देखी हुई चीजों का याद रख पाना काफी कठिन होने लगता है। रोगियों के लिए चेहरों, स्थानों या वस्तुओं को याद करने में दिक्कत होने लगती है। प्रारंभिक अध्ययनों से पता चलता है कि 40-50 की आयु वाले लोगों में कई कारणों से रेटिना पतला होने लग जाता है जिसके कारण भी संज्ञानात्मक समस्याएं होने लगती हैं।





## बच्चों को मोबाइल से दूर रखने पैरेंट्स तुरंत उठाएं जरूरी कदम

यदि आपका बच्चा भी पूरे टाइम मोबाइल में लगा रहता है तो कुछ क्रिएटिव आइडिया आजमाकर उसका स्क्रीन टाइम कम कराएं।

आज के डिजिटल दौर में बच्चों को मोबाइल, टैबलेट या टीवी जैसी स्क्रीन से दूर रखना हर माता-पिता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऑनलाइन पढ़ाई, वीडियो गेम्स और यूट्यूब की लत बच्चों को धीरे-धीरे उनकी वास्तविक दुनिया और रचनात्मक गतिविधियों से दूर कर रही है।

स्क्रीन के ज्यादा इस्तेमाल से उनकी आंखों, नींद और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम बच्चों को ऐसे विकल्प दें जो न सिर्फ मनोरंजन करें, बल्कि उनके विकास में भी सहायक हों।

कुछ रचनात्मक और मज़ेदार उपायों की मदद से बच्चों को तकनीक से थोड़ी दूरी बनाकर, खेल, कला और प्रकृति की ओर मोड़ा जा सकता है। इस लेख में हम ऐसे ही कुछ असरदार और दिलचस्प तरीके साझा कर रहे हैं, जो बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने में आपकी मदद करेंगे।

### कहानी सुनाने और सुनने का समय बनाएं



हर दिन एक तय समय पर बच्चों को रोचक कहानियां सुनाएं या उनसे खुद कहानी बनाने को कहें। आप इस दौरान बच्चों को आप धार्मिक कहानियां भी सुना सकते हैं। इससे कल्पना शक्ति बढ़ेगी और स्क्रीन की लत कम होगी। ऐसा खासतौर पर रात के समय करें,इससे बच्चों को नींद भी कम आएगी।

### आर्ट और क्राफ्ट एक्टिविटीज कराएं

अपने बच्चों को फोन से दूर रखना है तो उसे आर्ट और क्राफ्ट में व्यस्त रखें। पेपर कटिंग, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग या पुराने सामान से कुछ नया बनाना बच्चों को व्यस्त और रचनात्मक बनाए रखता है। अब तो बाजार में तमाम तरह के ऐसे मॉडल्स आते हैं, जिसे बच्चे काफी पसंद करते हैं।

### गार्डनिंग में शामिल करें

अभी बारिश का मौसम चल रहा है, ऐसे में लोग अपने घरों में पेड़-पौधे लगाना पसंद करते हैं। यदि आपने भी अपने घर पर गार्डन बना रखा है तो अपने बच्चे को भी गार्डनिंग एक्टिविटी में शामिल करें। पौधे लगाना, पानी देना और बीजों को उगते देखना बच्चों को प्रकृति के करीब लाता है और मोबाइल से ध्यान हटाता है।

### घर के छोटे कामों में हेल्प लें

अक्सर लोग बच्चों को घर के काम नहीं करने देते है, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अपने बच्चे से घर के छोटे-छोटे कामों में अवश्य मदद लें। सब्जियां धोना, किताबें सजाना, पानी भरना जैसे काम बच्चे आसानी से कर सकते हैं। ऐसा करना से उनमें जिम्मेदारी का भाव आएगा और स्क्रीन टाइम घटेगा।

### फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर प्ले

मौसम इतना सुहाना है तो घर से बाहर निकलना तो बनता है। इसके लिए शाम के समय अपने बच्चे को पार्क जाना, साइकल चलाना, दौड़ लगाना या योग कराना बच्चों को हेल्दी और एक्टिव बनाएगा। इस दौरान उनके साथ खुद खेलें, उन्हें अकेले तो बिल्कुल न छोड़ें।



## धन को आकर्षित करने के लिए अपनाएं फेंगशुई टिप्स, घर में बनी रहेगी बरकत



प्राचीन काल से, धन को आकर्षित करने के लिए फेंगशुई का उपयोग किया जाता रहा है। फेंगशुई में धन को आकर्षित करने के लिए कई आसान और सरल टोटके हैं।

### धन आकर्षित करने के लिए करें ये उपाय

यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में धन का आगमन हो तो आपका घर हमेशा स्वागत योग्य दिखना चाहिए। इसलिए एक आकर्षक फ्रंट डोर की जरूरत है। डस्टबिन, शू रैक, या कोई पुराना या टूटा फूलदान पास रखने से बचें। वेल्थ पॉइंटर्स (एक तीर जो घर के अंदर की ओर इशारा करता है) का उपयोग करें। यह पैसे को अंदर आने का निर्देश देता है। चीनी सिक्कों द्वारा तीर बनाए जा सकते हैं। फेंगशुई प्रतीक न केवल धन को आकर्षित करते हैं बल्कि धन की रक्षा भी करते हैं। चीनी सिक्के, लकड़ी की कलाकृतियाँ, जल स्त्रोतों के वॉलपेपर धन ऊर्जा को आकर्षित करते हैं।

जहां आप अपने वित्तीय कार्यों का प्रबंधन करते हैं, उस क्षेत्र को अच्छी तरह से और ठीक से व्यवस्थित रखें। पैसों में वृद्धि और संचयन के लिए लकड़ी की कलाकृतियों, नीला रंग, चीनी सिक्कों, फेंगशुई रत्नों, बांस और अन्य प्रतीकों का उपयोग करें। अपने घर में फेंग शुई प्रतीकों को प्रदर्शित करें जो आपको धन और प्रचुरता के बारे में बताते हैं। चीनी सिक्के और वॉलपेपर का उपयोग करें जो धन ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं। सोना और बैंगनी रंग एक मजबूत धन संबंध का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप सोने और बैंगनी रंग की पेंटिंग, रग्स, फर्नीचर आदि का उपयोग कर सकते हैं।

## कुछ मीठा खाने का दिल हो रहा है तो घर पर बनाइए पिस्ता कुल्फी



अब मौसम चाहे कैसा भी हो कुल्फी खाने से कोई भी इनकार नहीं कर सकता। आप कह सकती हैं कि कुल्फी अब गर्मियों की मोहताज नहीं रही। ऐसे में घर पर ही मजेदार पिस्ता कुल्फी बनाना सकती हैं।

कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले एक लीटर दूध को एक बर्तन में डालकर उबाल लें। इसे तब तक उबालना है, जब तक ये आधा ना हो जाए। जब ये गाढ़ा हो जाएगा तो इसका रंग बदलना शुरू हो जाएगा। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें चीनी और केसर के धागे डालकर 4 से 5 मिनट के लिए चलाएं।

दूध लगातार चलाने के बाद इसमें हरी इलायची का पाउडर डालकर गैस बंद कर दें। इसी दौरान कटे हुए पिस्ता दूध में डालें। अगर आप कुल्फी में मेवे डालना चाहते हैं तो दूध में अब कटे हुए मेवे डाल दें। इसके बाद दूध को ठंडा करके इसे कुल्फी के सांचे में डाल दें।अब सही तरह से सांचे को फ्रिज में जमने के लिए रख दें। 4 से 5 घंटे जमने देने के बाद कुल्फी को चेक करें। जब ये अच्छे से जम जाए तो इसे निकाल कर परोसें। आप चाहें तो कुल्फी के ऊपर पिस्ता रखकर उसे सजा सकते हैं।

पिस्ता कुल्फी पौष्टिक तत्वों से बनती है, जिससे इसके कई फायदे होते हैं। यह हड्डियों को मजबूत बनाती है, तनाव कम करती है, और अच्छी नींद लाने में मदद करती है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर को तनावमुक्त रखते हैं और दिमाग के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं। घर पर बनी कुल्फी में विटामिन भी होते हैं, जो समग्र विकास में सहायक होते हैं। पिस्ता कुल्फी बारिश के मौसम में खाना बहुत से लोग पसंद करते हैं। आजकल शादी व पार्टियों में भी कुल्फी को शान माना जाता है। ऐसे में अब कुल्फी किसी एक मौसम की मोहताज नहीं रही और हर उम्र के लोग इसे शौक से खाना पसंद करते हैं। ऐसे में घर में बनाई जाने वाली कुल्फी सेहत के लिए फायदेमंद भी होती है।

**कार्नर न्यूज**

## शरीर में सूजन होती है कई वजहों से, समय पर उपचार कराना बेहद जरूरी

# शरीर में हो रहा इन्फ्लेमेशन तो दिखने लगते हैं कई लक्षण, इससे राहत पाने अपनाने होंगे जरूरी उपाय

इन्फ्लेमेशन, हमारे शरीर की उपचार प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। जब हमारा शरीर किसी आक्रामक एजेंट (जैसे वायरस, बैक्टीरिया या रसायनों) के संपर्क में आता है तो इसकी प्रतिक्रिया में सूजन होती है। हालांकि अगर ये इन्फ्लेमेशन या सूजन की समस्या अनावश्यक कारणों से होने लगती है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सूजन, चोट या संक्रमण से शरीर की रक्षा के लिए इन्फ्लेमेशन होना एक सामान्य प्रक्रिया है हालांकि सूजन तब हानिकारक हो जाती है जब यह स्वस्थ ऊतकों में हो जाए या बहुत लंबे समय तक बनी रहे। इसे क्रोनिक इन्फ्लेमेशन के रूप में जाना जाता है, जो शरीर में कई प्रकार की भी बीमारियों को बढ़ाने का कारण बन सकती है।



### क्रोनिक बीमारियों का खतरा

लंबे समय तक बनी रहने वाली इन्फ्लेमेशन की समस्या कई प्रकार की बीमारियों जैसे रुमेटाइड आर्थराइटिस और ऑटोइम्यून बीमारियों का कारण बन सकती है। कार्डियोवस्कुलर रोग जैसे उच्च रक्तचाप और हृदय रोग, गैस्ट्रोइंटस्टाइनल विकारों को भी इन्फ्लेमेशन के कारण होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को शरीर में इन्फ्लेमेशन को कम करने वाले उपायों पर ध्यान देते रहना चाहिए। कुछ लक्षण इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में इन्फ्लेमेशनहो रहा है।

### संतुलन की समस्या

क्रोनिक इंफ्लामेटरी डिजीज (सीआईडी) आपके शरीर को अत्यधिक प्रतिक्रिया करने पर मजबूर करती है, जिस स्थिति में कई बार शरीर के स्वस्थ ऊतकों को भी नुकसान होने का खतरा रहता है। मल्टीपल स्केलेरोसिस ऐसी ही एक समस्या है जिसमें आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, तंत्रिका कोटिंग को अटैक करती है। इससे तंत्रिका संकेतों में समस्या आ सकती है जिसके कारण आपका संतुलन बिगड़ सकता है।

### पीठ के निचले हिस्से में दर्द

क्रोनिक इन्फ्लेमेशन के कारण एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या होना काफी सामान्य है जिसमें सूजन की समस्या आपके रीढ़ को भी प्रभावित करने लगती है। कभी-कभी, यह आपके कूल्हे, गर्दन, घुटनों या छाती के लिए भी समस्याकारक स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द की समस्या अगर लंबे समय से बनी हुई है और यह ठीक नहीं हो रही है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है।

### इन्फ्लेमेशन को कम करने के लिए क्या करें?

डॉक्टर कहते हैं, अपने शरीर से सूजन को कम करने के लिए छह बातों पर विशेष ध्यान देते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। एंटी-इंफ्लामेटरी खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ऐसी चीजों का सेवन कम करें जो इन्फ्लेमेशन को बढ़ाती हैं। ब्लड शुगर को नियंत्रित रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। वजन को कम करने का प्रयास करते रहें। तनाव का प्रबंधन करें, योग-मेडिटेशन से इसमें लाभ पाया जा सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्टिन के कॉन्सर्ट में मौजूद रहेगा कैम अफेयर कंट्रोवर्सी के बाद भी लिया फैसला



ब्रिटिश सिंगर क्रिस मार्टिन आगे भी अपने कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में किस कैम का इस्तेमाल करेंगे। वह इस कैमरे के जरिए अपनी ऑडियंस पर फोकस करते हैं, लेकिन इसी वजह से एक सीईओ का अफेयर पिछले दिनों पकड़ा गया था।
ब्रिटिश सिंगर क्रिस मार्टिन का कोल्डप्ले कॉन्सर्ट पिछले दिनों कंट्रोवर्सी में घिर गया था। यह कंट्रोवर्सी उनके शो में लगे किस कैम को लेकर हुई। इस कैमरा में एक नामी कंपनी के सीईओ का अफेयर पकड़ा गया था। इस कंट्रोवर्सी के बावजूद वह आगे भी अपने कॉन्सर्ट में किस कैम यानी ऑडियंस पर फोकस करने वाले कैमरे को मौजूद रखेंगे।
क्रिस मार्टिन ने कोल्डप्ले के हालिया कॉन्सर्ट में फिर से सीईओ अफेयर कंट्रोवर्सी का जिक्र किया है। वह 'म्यूजिक ऑफ द स्फियर्स' नाम से एक वर्ल्ड टूर कर रहे हैं। हाल ही में इंग्लैंड में परफॉर्म किया। कॉन्सर्ट के दौरान क्रिस ने कहा, 'हम लंबे समय से बिग स्क्रीन (किस कैम) का इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में ही यह एक ?' इतना कहकर वह चुप हो जाते हैं। बस किस कैम वाले पुराने विवादों को लेकर दर्शकों को हिंट देते हैं। मार्टिन फिर आगे कहते हैं, 'जब जिंदगी आपको लेमन दे, तो लेमनेड (नींबू पानी) बना लेना चाहिए। इसलिए हम किस कैम को जारी रखेंगे। दरअसल, हम आपमें से कई लोगों से इसके जरिए ही मिल पाते हैं।' 16 जुलाई को गिलेट स्टेडियम (मैसाचुसेट्स) में कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट चल रहा था। क्रिस मार्टिन स्टेज पर गा रहे थे और बड़ा कैमरा यानी किस कैम लोगों पर फोकस कर रहा था। तब किस कैम की नजर एंडी बायरन और क्रिस्टिन कैबोट पर गई। बायरन ने कैबोट को बाहों पर भर रखा था।

### टॉलीवुड

## 'हृदयपूर्वम' को लेकर मालविका ने किया मोहनलाल का शुक्रिया, लिखा खास नोट




साउथ अभिनेत्री मालविका मोहनन ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म 'हृदयपूर्वम' की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ मालविका ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। निर्देशक साथियान एंथिकाड की आगामी फिल्म 'हृदयपूर्वम' में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल और मालविका मोहनन साथ नजर आएंगे। 'हृदयपूर्वम' में काम करने को लेकर मालविका ने पोस्ट के जरिए फिल्म के निर्देशक और एक्टर मोहनलाल का शुक्रिया अदा किया है। मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'हृदयपूर्वम' की कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही फिल्म के निर्देशक साथियान एंथिकाड और मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल का शुक्रिया अदा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अभी भी खुद को चुटकी काट रही हूं मैं अभी भी यकीन नहीं कर पा रही कि मुझे इन दो शानदार हस्तियों के साथ काम करने का मौका मिला। ये दोनों इतने बड़े कलाकार हैं, फिर भी इतने गर्मजोशी भरे, संवेदनशील और साथ काम करने में शानदार जोड़ी हैं। इसके लिए मैं हमेशा भाग्य की आभारी रहूंगी। 'हृदयपूर्वम' 4 दिन बाद रिलीज हो रही है और मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरे पेट में तितलियां उड़ रही हैं। आप सभी से 28 अगस्त को मिलते हैं।' मोहनलाल और मालविका मोहनन के अलावा फिल्म में संगीत प्रताप, संगीता, सिद्दीकी, निशान, बाबूराज, लालू एलेक्स और जनार्दन जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन साथियान एंथिकाड ने किया है। फिल्म की कहानी अखिल सत्यन ने लिखी है। इसकी पटकथा और संवाद सोनू टीपी ने लिखे हैं। फिल्म का संगीत जस्टिन प्रभाकरन ने दिया है। यह फिल्म 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी। फिल्म 'हृदयपूर्वम' के अलावा मालविका फिल्म 'द राजा साब' में नजर आएंगी। 'द राजा साब' मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित तेलुगु -भाषा रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इसे पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म में प्रभास मुख्य भूमिका में हैं।

### छॉलीवुड

## 'जै सीतला मईया' में नारद मुनि के रूप में दिखेंगे शैलेष, जल्द रिलीज



निर्माता अभिनेता लिलेश्वर सिन्हा और निर्देशक डॉ पुनीत सोनकर की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी धार्मिक फिल्म 'जै सीतला मईया' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में सोनाली सहारे नायिका है। शीतला माता की भूमिका में स्वीटी साहू एवं प्रसिद्ध लोकमंच फिल्म कलाकार शैलेश साव नारद मुनि की आकर्षक भूमिका में है। शैलेष दिवंगत वरिष्ठ अभिनेता शिवकुमार दीपक के सुपुत्र हैं। इस फिल्म में खलनायक के रोल में जानू साहू, हीरो की मां की भूमिका में प्रसिद्ध अदाकारा व नृत्यांगना अनुराधा दुबे एवं पिता की भूमिका में संजय मैथिल है। ज्ञानश्री नायिका के पिता के रोल में दिखेंगे। वहीं ऑडियंस को हंसाते गुदगुदाते प्रदीप शर्मा, घनश्याम वर्मा, कुशाग्र सोलंकी 'जस्टिन', तेजराम साहू, दिखाई देंगे। फिल्म का सहनिर्माता मीनाक्षी पांडे है। निर्माता लिलेश्वर सिन्हा ने बताया कि धार्मिक विषय पर फिल्म बना कर उन्हें पूरी संतुष्टि है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की अधिष्ठात्री शीतला माता के बारे आज की पीढ़ी को विशेष जानकारी नहीं है। इसलिए उन्होंने इस फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म के गीत एवं संवाद वरिष्ठ गीतकार साहित्यकार घनश्याम ठाकुर ने लिखे हैं। संगीत दिया है लिलेश्वर सिन्हा ने।




आज जेंडर न्यूट्रल फ़ैशन ट्रेंड लिंग-भेद संबंधी मानदंडों को तोड़ रहा है और लोकप्रियता हासिल कर रहा है। यूथ अब ऐसे आरामदायक स्टाइल चुन रहे हैं जो लिंग-विशिष्ट कपड़ों की रूढ़िवादिता को तोड़ते हैं। आजकल ब्रांड भी यूनिसेक्स कपड़े पेश कर रहे हैं, और युवा इन्हें पसंद करते हैं। कुल मिलाकर, नौजवान जेंडर न्यूट्रल कपड़े चुनते हुए अपनी आज़ादी का इज़हार करना पसंद करते हैं।

## क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें खास इयररिंग्स



ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।

### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं।

### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि ये छोटे होते हैं आसानी से आप डेली वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 200 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है अगर आप भी इस तरीके की ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं तो ऑफिस के लिए इसमें छोटे पेयर ऑफ पर्ल इयररिंग्स (पर्ल ज्वेलरी डिजाइन) को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स देखने में भी अच्छे लगते हैं साथ ही पहनने के बाद आपके लुक को क्लासी बनाते हैं। इसे आप ड्रेस के साथ स्टाइल करेंगी तो काफी खूबसूरत लगेंगी। इसमें आपको अलग-अलग कलर के पर्ल मिलेंगे।

### ज्योमेट्रिकल ड्रॉप इयररिंग्स


कई सारे इयररिंग्स डिजाइन ऐसे होते हैं जिन्हें स्टाइल करना आसान भी होता है और ये पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप ज्योमेट्रिकल ड्रॉप इयररिंग्स के इस ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप सिल्वर गोल्डन वैगरह डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

## इस मौसम में खास सूट डिजाइंस आपके लिए, दिखेंगी आकर्षक





रोजाना के लिए हम सलवार-सूट पहनना पसंद करते हैं। वहीं त्यौहार और पार्टियों के दौरान दिन अक्सर हम एथनिक वियर को स्टाइल करते हैं। इसके कई डिजाइन और पैटर्न आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सेलिब्रिटीज की तरह स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो बहुत से मॉडल से इंस्पायर हो सकती हैं।
ऐसा इसलिए क्योंकि आजकल मॉडल आए दिन अपने स्टाइलिश सूट लुक्स को सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं, जिन्हें देख फैंस भी इंस्पायर हो रहे हैं। कुछ स्टाइलिश सूट लुक्स देख कर आप खास मौके पर आसानी से रीक्रिएट कर सकती हैं और स्टाइलिश दिख सकती हैं।



### निऑन कलर सूट

निऑन कलर को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। इस हैवी सूट को डिजाइनर तुलपलव द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बालों के लिए मेसी लुक पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। मेकअप के लिए ब्लश पिंक कलर का चुनाव करें।

### नायरा कट सूट

आजकल नायरा कट सूट डिजाइन फैशन में नजर आ रहा है। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें। साथ ही हैवी झुमकी इयररिंग्स को पहनकर लुक को कम्प्लीट करें।

### पेप्लम स्टाइल सूट

कुछ अलग डिजाइन का सूट पहनना चाहती हैं तो इस तरह का पेप्लम कुर्ती के साथ शरारा सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस शरारा सूट को डिजाइनर गोपी वैद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको लगभग 1200 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा।
इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें। वहीं इस तरह का सूट बनवाने के लिए आप घर पर रखी पुरानी साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

## स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी के साथ ट्राई करें बैक डोरी ब्लाउज



सिंपल ब्लाउज डिजाइन तो हम कई बार पहनते हैं लेकिन इस बार कुछ यूनिक डिजाइन ट्राई करते हैं जो हमारे लुक को परफेक्ट बनाएगा।

### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है इसके बाद तीसरा ट्राई एंगल बनाकर इसे डोरी के साथ चिपका देना है। ऐसे आपका लेयर डोरी डिजाइन ब्लाउज रेडी हो जाएगा।

### सिंपल डोरी ब्लाउज डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें डीप नेकलाइन वाले ब्लाउज पसंद होते हैं। अगर आप भी इसी तरीके के ब्लाउज (डोरी ब्लाउज डिजाइन आइडिया) को पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप सिंपल डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें सिंपल नीचे एक डोरी होती है।

## स्ट्रेच मार्क्स से राहत दिलाएगी एलोवेरा जेल



प्रेग्नेंसी के दौरान कई तरह की समस्याएं होती हैं। खासतौर पर त्वचा पर खुजली होने के कारण निशान पड़ने लगते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के पेट पर बेहद खुजली होती है, जिसके कारण स्ट्रेच मार्क्स पड़ जाते हैं। स्ट्रेच मार्क्स को हल्का करने के लिए बाजार में तरह-तरह की क्रीम मिलती हैं, लेकिन यह कम असरदार होती हैं। ऐसे में नेचुरल तरीकों की ओर ध्यान जाता है। स्ट्रेच मार्क्स के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल स्किन और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है।
एलोवेरा जेल के उपयोग से आप स्ट्रेच मार्क्स हटा सकती हैं। इसके लिए आपको जेल के अलावा विटामिन ई कैप्सूल चाहिए होगी। 2-3 चम्मच एलोवेरा जेल में दो विटामिन ई कैप्सूल तोड़कर डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। लीजिए बन गया स्ट्रेच मार्क्स को हल्का करने के लिए एलोवेरा जेल का उपाय। इस जेल को मार्क्स वाली जगह पर लगाएं और कुछ देर तक रब करें। करीब आधे घंटे बाद वॉश कर लें। दिन में दो बार एलोवेरा जेल और विटामिन ई कैप्सूल का मिश्रण लगाने से फर्क दिखने लगेगा।स्क्रब करने से न केवल डेड स्किन रिमूव होती है बल्कि एक्सफोलिएट करने से दाग-धब्बे भी कम हो जाते हैं। एलोवेरा जेल से आप स्क्रब बना सकती हैं।
स्क्रब बनाने के लिए 2-3 चम्मच एलोवेरा जेल में 1-2 चम्मच ग्राउंड कॉफी मिक्स करें। अब इसे स्ट्रेच मार्क्स वाली जगह पर लगाएं और 5 मिनट तक स्क्रब करें। करीब 20 मिनट बाद पानी से त्वचा को साफ कर लें। गीले कपड़े से पोंछना न भूलें। हफ्ते में 3 दिन इस एलोवेरा जेल से बने स्क्रब से त्वचा को एक्सफोलिएट करने से स्ट्रेच मार्क्स हल्के होने लगेंगे।

### स्ट्रेच मार्क्स को हमेशा के लिए कैसे हटाएं?

स्ट्रेच मार्क्स को हटाने के लिए आप एलोवेरा जेल के साछ नारियल का तेल मिलाकर लगा सकती हैं। तेल को दाग वाली जगह पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। तेल का त्वचा पर लगा रहने दें, ताकि यह स्किन में अच्छे से अब्जॉर्ब हो जाए।

कार्नर न्यूज

### पार्टियों के लिए आपका मेकअप होना चाहिए कुछ अलग हट कर

## नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो, बन जाएंगी रौनक

मेकअप के लिए आपको कुछ नया लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो यहां शेयर किए गए लुक्स को ट्राई कर सकती हैं और सुंदर दिख सकती हैं। नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखने के लिए बोल्ड आईशैडो, ग्लिटर का इस्तेमाल, वाटरप्रूफ आईलाइनर और मस्कारा लगाएं। होंठों के लिए डार्क या वाइब्रेंट रेड/बरामदी रंग की लिपस्टिक चुनें और चेहरे पर ग्लो के लिए हाइलाइटर का उपयोग करें। त्वचा को तैयार करने के लिए प्राइमर और लॉन्ग-लास्टिंग फाउंडेशन का उपयोग करें।

### स्किन प्रेप

सबसे पहले अपनी त्वचा को अच्छे से धोकर मॉइश्चराइजर और प्राइमर लगाएं ताकि त्वचा ताज़ी और चमकदार दिखे और मेकअप लंबे समय तक टिका रहे। दाग-धब्बों को छुपाने के लिए अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ कंसीलर लगाएं।

### आँखों का मेकअप

आँखों को ग्लैमरस लुक देने के लिए शिमर और ग्लिटर वाले आईशैडो का प्रयोग कर सकती हैं। बोल्ड आईलाइनर के साथ मस्कारा के कई कोट्स लगाएं, इससे पलकें भारी और आकर्षक दिखेंगी। डार्क रंग जैसे कि ब्लैक या कोहल पेंसिल का उपयोग करें, क्योंकि ये रात की पार्टी के लिए उपयुक्त होते हैं।



### होंठों का मेकअप

शाम की पार्टी के लिए वाइब्रेंट रंगों जैसे रेड, बेरी या मोव रंग की लिपस्टिक चुनें। क्रीमी मैट लिपस्टिक लगाकर फिर टिशू पेपर से हल्का दबाएं। इसके बाद दोबारा लिपस्टिक लगाएं और बीचों-बीच हल्का लिप ग्लॉस लगाएँ ताकि होंठ आकर्षक दिखें।

### न्यूड मेकअप लुक्स

आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा। पार्टी के लिए ये लुक काफी क्लासी लगते हैं इन्हें आप किसी भी आउटफिट के साथ क्रिएट कर सकती हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक्स



अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं। इस मेकअप के लिए ग्लॉसी प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

### बोल्ड आई मेकअप लुक

नाइट पार्टी के लिए अगर आप कुछ नया लुक सर्च कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है बोल्ड आई मेकअप लुक (परफेक्ट मेकअप लुक)। इस तरीके के लुक्स बोल्ड होते हैं साथ ही लुक को स्टाइलिश बनाते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ अपनी आंखों को बोल्ड करना होगा और लिप्स पर लाइट शेड को लगाना होगा। बेस को भी आपको थोड़ा हैवी रखना है। तभी आपका बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट हो जाएगा। इस तरीके से आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं और पार्टी में स्टाइलिश लग सकती हैं। इससे आप पार्टी की रौनक बन जाएंगी। लोगों की नजरें आप पर टिकी रहेंगी।